53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 15.4°c अधिकतम 30.5 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:18, सूर्यास्त - 6:32 | वर्ष : 53/ अंक : 81 | सोमवार, 24 मार्च 2025 | चैत्र, कृष्ण पक्ष, दशमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

मतलब की दीवार इतनी भी ऊंची मत करो कि जब खुद को जरूरत पड़े तो कूदा भी ना जाये..

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

वक्फ विधेयक संविधान पर हमला : जयराम रमेश



वक्फ विधेयक संविधान पर हमला है या वक्फ.....?

# शादीशुदा युवक व कुंवारी युवती ने फांसी लगाकर जीवन लीला की समाप्त

**▶ कमरे में मृत पाए गए शुभम व नीलम ▶ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**







**मुजफ्फरनगर, 23 मार्च (बु.)।** मंसूरपुर थाना क्षेत्र के मुबारिकपुर से देर शाम एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जिसमें प्रेमी युगल ने फांसी के फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। दरअसल रविवार को गांव मुबारिकपुर निवासी जयकुमार वर्मा परिवार के साथ रिश्तेदारी में एक रस्म तेरहवीं में गए हुए थे। घर पर उनका 32 वर्षीय पुत्र शुभम अकेला था। देर शाम जब परिवार के लोग वापस लौटे तो घर के अंदर का नजारा देखकर उनके रौंगटे खड़े हो गए। कमरे के अंदर शुभम व उसकी प्रेमिका नीलम 21 वर्षीय पुत्री सिरदारा का शव फांसी पर लटका हुआ था। जैसे ही परिजनों ने दोनों के शव फांसी पर लटके देखे तो आनन फानन में पुलिस को सूचना देकर दोनों के शवों को नीचे उतारा गया। बताया जाता है कि पिछले कई वर्षों से शुभम व नीलम के बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा था, मगर शुभम विवाहित होने के कारण नीलम के परिवार के लोग उसका विवाह शुभम से नहीं कर रहे थे। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि शुभम विवाहित होने के साथ-साथ दो बच्चों का पिता भी था। प्रथम दृष्टया थाना प्रभारी सुभाष अत्री का बताना है कि मामला प्रेम प्रसंग का ही लग रहा है और क्षेत्र में चर्चा है कि मृतक प्रेमी शुभम वर्मा जाति से था जबकि युवती दलित परिवार से थी। इसी के चलते दोनों विवाह नहीं कर पा रहे थे। समाचार लिखे जाने तक दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ था और पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

## सीएम सख्त, ई-रिक्शों का सत्यापन अनिवार्य, अवैध टैक्सी, रिक्शा स्टैंड हटाने का दिया निर्देश

**लखनऊ, 23 मार्च (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री ने ई-रिक्शों का सत्यापन करवाने, अवैध टैक्सी व रिक्शा स्टैंड को हटाए जाने के सख्त निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। समीक्षा बैठक में शहरों में बढ़ती ट्रैफिक समस्या के सवाल पर मुख्यमंत्री काफी सख्त दिखे। उन्होंने ट्रैफिक समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए पुलिस को सतर्क रहने के लिए कहा। यातायात व्यवस्था सही तरीके से संचालित हो सके, इसके लिए होमगार्ड्स और पीआरडी के जवानों को प्रशिक्षण दिए जाने के निर्देश दिए। यातायात के काम में स्वयंसेवी संगठनों की मदद लिए जाने की बात भी कही। इसके साथ ही युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए व्यापक अभियान चलाने के लिए कहा। इसी तरह गो तस्करी, लव-जिहाद रोकने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिए। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश भी दिए कि भू और खनन माफिया पर हो सख्त कार्रवाई। आगामी चैत्र नवरात्र व ईद में सुरक्षा व्यवस्था के लिए सभी सुविधाओं को मुहैया कराया जाए। धार्मिक स्थलों से माइक व साउंड सिस्टम हटवाए जाएं। विवाह व अन्य आयोजनों के दौरान साउंड सिस्टम व बैंड को कम आवाज में बजाया जाए। चेन स्नेचिंग व लूटपाट के संबंध में फुट पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए और एसएमई की हर यूनिट को सुरक्षा कवच व ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन करवाए जाएं। अब तक प्रदेश में 55 लाख रजिस्ट्रेशन किया जा चुके हैं। ओडीओपी के उपकरण बांटे जाएं। मुख्यमंत्री सख्त, ई-रिक्शों का सत्यापन अनिवार्य, अवैध टैक्सी, रिक्शा स्टैंड हटाने का दिया निर्देश



## असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद : ड्राइक्लीन का काम करने वाले शाहरुख ने दी महिला पर तेजाब डालने की धमकी



**मुजफ्फरनगर, 23 मार्च (बु.)।** असामाजिक तत्व लगातार सक्रिय होते दिखाई पड़ रहे हैं। कल ही हुई चरथावल में किशोरी से छेड़छाड़ की घटना के बाद आज मुजफ्फरनगर में भोपा पुल के नीचे ड्राइक्लीन का काम करने वाले शाहरुख की खौफनाक हरकत सामने आई है। बताया जाता है कि भोपा पुल के नीचे शिवपुरी अंडरपास में रहने वाली महिला घरों में साफ सफाई का काम करके अपने घर का गुजारा करती है। पिछले कई दिनों से शाहरुख इस महिला से नम्बर मांग रहा था। महिला का आरोप है कि आज जब उसने ज्यादा बदतमीजी की तो महिला बिफर पड़ी तो उसने महिला पर तेजाब डालने की धमकी दे डाली। मौके पर सैकड़ों की भीड़ इकट्ठा हो गयी और भीड़ ने शाहरुख की धुनाई करना शुरू कर दिया। गनीमत यह रही कि महिला की एक आवाज पर सैकड़ों लोग मिनटों में इकट्ठा हो गए तो महिला की इज्जत बच गयी नहीं तो शाहरुख महिला के साथ किसी भी प्रकार की घटना को अंजाम दे सकता था। महिला के अनुसार जब शाहरुख ने तेजाब डालने की धमकी दी तो एक बार के लिए वह सहम गयी मगर फिर उसने हौसला करके शोर मचा दिया। मौके पर एकत्रित हुई भीड़ के इकट्ठा होने के बाद पुलिस को इसकी सूचना मिली तो चीता मोबाइल पुलिस वहां पहुंची और माहौल को गर्माता देख देख आरोपी शाहरुख को लेकर थाने ले आई। समाचार लिखे जाने तक पुलिस का बताना था कि अभी तक उक्त मामले में तहरीर आने के बाद मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

### शोहदों के हौसले इतने बुलंद कि हिन्दू कॉलोनियों में भी नहीं रुक रही महिलाओं से छेड़छाड़

मुजफ्फरनगर। शोहदों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि वे हिन्दू बाहुल्य क्षेत्रों में भी महिलाओं से छेड़छाड़ करते समय डरते तक नहीं। गांधी कॉलोनी हो या मंडी लगातार ऐसे मामले सामने आते हैं, जिनमें विशेष वर्ग के युवक आए दिन युवतियों एवं महिलाओं से छेड़छाड़ करते दिखाई देते हैं। हालांकि योगी सरकार महिलाओं की सुरक्षा का पूरा दम भरती है मगर बावजूद इसके नगर में हिन्दू बाहुल्य क्षेत्रों में महिलाओं व युवतियों से छेड़छाड़ की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पुलिस अपनी ओर से इन पर अंकुश लगाने का बेशक भरसक प्रयास करती हो मगर फिर भी शोहदों में किसी का डरभाव नहीं दिखाई देता। अब देखना यह होगा कि ड्राइक्लीन का काम करने वाले शाहरुख पर कौन सी धाराओं में मुकदमा दर्ज होता है।



## धोखाधड़ी करने वाले गिरोह को गिरफ्त में लेने को खालापार पुलिस की तैयारी

**मुजफ्फरनगर, 23 मार्च (बु.)।** 21 मार्च को खालापार थाना पुलिस ने धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के तीन बदमाशों संजय, अंशू व समीर को रायबरेली के पास से गिरफ्तार कर लिया था। उक्त तीनों के गिरफ्त में आने के बाद इन्होंने जानकारी देते हुए बताया था कि उनका नेटवर्क राजस्थान के बीकानेर से संचालित होता है, जिसके अभी और कई सदस्य पकड़े जाने बाकी हैं। पुलिस ने आरोपितों से पांच डेबिट कार्ड, तीन आधार कार्ड, चार पेन कार्ड, पहचान पत्र, पासपोर्ट, चेकबुक सहित चार मोबाइल भी बरामद किये थे। पुलिस ने तीनों को उसी दिन कोर्ट में पेश करके रिमांड पर लेने का प्रयास किया मगर पुलिस को कोर्ट द्वारा रिमांड नहीं मिल पाई, जहां कोर्ट से ही उन्हें जेल भेज दिया गया था। खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि बीकानेर के तीन बदमाश सूर्या गोयल, अंकित तिवारी, नाथाराम के नाम सामने आए हैं और पुलिस पूरे गिरोह के नेटवर्क पर अपनी गिरफ्त बनाने के मूड में है। तीनों बदमाशों को रिमांड पर लेने के लिए सोमवार को कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया जायेगा। रिमांड पर लेने के बाद तीनों बदमाशों की निशानदेही पर बीकानेर जाकर अंकित, सूर्या व नाथाराम के ठिकानों पर दबिश दी जाएगी।

## नेताओं के बयानों से बन रहा साम्प्रदायिक माहौल

# अब संगीत सोम बोले-औरंगजेब की कब्र जल्द ही समुद्र में पड़ी मिलेगी

**मुजफ्फरनगर, 23 मार्च (बु.)।** देश में लगातार कभी औरंगजेब के नाम पर, तो कभी गद्दार राणा सांगा के नाम पर बयानबाजी करने से भाजपा और सपा दोनों ही पार्टियों के नेता चूक नहीं रहे हैं। औरंगजेब की कब्र से शुरू हुआ सिलसिला रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। इसी बीच नागपुर में हिंसक घटनाओं के बाद एक व्यक्ति की मौत का मामला भी सामने आया है, बावजूद उसके कल सदन में ही सपा के सांसद रामजी लाल ने हिन्दुओं को निशाना बनाते हुए यह कहा था कि जैसे हम लोगों को औरंगजेब का अनुयायी बताते हैं, इसी तरह यदि हम भाजपाइयों को गद्दार राणा सांगा का अनुयायी बताने लगें तो कैसा रहेगा? इस पर भाजपाइयों ने पलटवार करते हुए कहा था कि सपाइयों की राजनीति तुष्टिकरण की हो चुकी है। इसी क्रम में आज फायर ब्रांड नेता पूर्व विधायक संगीत सोम मुजफ्फरनगर एक धार्मिक कार्यक्रम में पहुंचे, जहां गुरूघर में शीष नवाने के बाद पत्रकारों ने उनसे वार्ता की तो फिर संगीत सोम के सुर गर्मजोशी के साथ छिड़ते दिखाई दिये। उन्होंने राणा सांगा वाले बयान पर कहा कि अखिलेश यादव ने रामजी लाल के मुंह में जो डाल दिया होगा, वही उन्होंने उगल दिया। उन्होंने कहा कि भगवान राम का भव्य मंदिर बनने के बाद अब जल्द ही मथुरा, काशी की बारी है। इसके बाद जब सीधा औरंगजेब और अकबर की बात की गयी तो उन्होंने कहा कि ये दोनों सिर्फ आक्रान्ता ही नहीं बलात्कारी, लुटेरे और देशद्रोही रहे हैं। जल्द ही इनकी कब्रें उखाड़कर फेंक दी जाएंगी। वह दिन दूर नहीं जब इनकी कब्रों को समुंद्र में फिंकवा दिया जायेगा। इसी क्रम में उन्होंने मेरठ की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि पति-पत्नी का रिश्ता एक पवित्र रिश्ता होता है। वे इस घृणित कार्य की निंदा करते हैं। उन्होंने पत्रकारों से अनुरोध किया कि अकबर और औरंगजेब का नाम तो आप लोगों को लेना भी नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबर, अकबर के नाम पर मुस्लिमों को अपने बच्चों के नाम रखने ही नहीं चाहिएं, क्योंकि बाबर और अकबर माफिया, बलात्कारी, आकान्ता और न जाने क्या-क्या थे।



### विवादित बयानों से घुल रहा साम्प्रदायिकता का जहर

मुजफ्फरनगर। आए दिन नेता सुर्खियां बटोरने के लिए जो मुंह में आए वो बयान दे डालते हैं और इन बयानों का असर दोनों समुदायों के लोगों पर दिल दिमाग पर होता है। हिन्दू संगठनों की ओर से जब औरंगजेब के लिए कोई बयान दिया जाता है तो हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता चहक उठते हैं और अपने नेताओं को दमदार नेताओं की संज्ञा में मानने लगते हैं वहीं दूसरी ओर जब मुस्लिम समुदाय की पैरवी करने वाले राजनीतिक नेता कोई हिन्दू विरोधी बयान देता है तो मुस्लिम समाज गद्‌गद् हो उठता है और कुछ दिनों के लिए उनके कार्यकर्ताओं के सीने भी चौड़े हो जाते हैं। मगर इस तरह की घटनाएं लगातार देश में साम्प्रदायिकता का जहर घोल रही हैं और आने वाले समय में दोनों समुदाय के लोगों को इसके परिणाम भी भुगतने होंगे। हाल ही में महाराष्ट्र से शुरू हुई औरंगजेब की कब्र के बयानों ने नागपुर दंगे से साबित कर दिया कि बेवजह की बातों को तूल देने से साम्प्रदायिकता का जहर तो घुलेगा ही और हिंसा में दोनों ओर के लोग भी मारे जाएंगे। ऐसे में दोनों समुदाय के लागों को यह समझना होगा कि नेता अपने भाषण देकर आमजन को भड़काने का काम करेंगे, मगर हमें अपनी सूझबूझ से काम लेना होगा कि हमें उनके भड़काने में आना है अथवा नहीं, क्योंकि नेता अपनी राजनीतिक रोटियां सेककर अपने घर बैठ जाते हैं और लड़ती आम जनता है। ऐसे में दोनों ओर के लोगों का आर्थिक व मानसिक यहां तक की जान तक का नुकसान हो जाता है। ऐसे में बयानवीर नेताओं की बहकावे की बातों से दूर रहने में ही भलाई है।

## प्रधानमंत्री ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को दी श्रद्धाजंलि

**नयी दिल्ली, 23 मार्च (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहीद दिवस के अवसर महान स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के श्रद्धाजंलि दी और कहा कि आज**



**हमारा राष्ट्र भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के सर्वोच्च बलिदान को याद करता है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, "आज हमारा राष्ट्र भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के सर्वोच्च बलिदान को याद करता है। स्वतंत्रता और न्याय के लिए उनका निडर प्रयास हम सभी को प्रेरित करता है।" ब्रिटिश हुकूमत ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को 23 मार्च 1931 को लाहौर जेल में फांसी दी थी।**

तेईसवाँ रोजा - 24-03-2025

| सुन्नी | इफ़तार | शिया |
|---|---|---|
| 6:33 | | 6:42 |

रमजान- 2025

चौबीसवाँ रोजा - 25-03-2025

| सुन्नी | सहरी | शिया |
|---|---|---|
| 4:48 | | 4:44 |




हाजी अकरम (कल्लू)
अध्यक्ष- नगर पंचायत, शाहपुर

## सहारनपुर में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के निर्माण के दौरान पिलर गिरा, 7 मजदूर दबे

**सहारनपुर, 23 मार्च (एजेंसी)।** रविवार को सहारनपुर में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे के निर्माण के दौरान एक पिलर गिरने से 7 मजदूर दब गए। सूचना पर मलबे में दबे लोगों को बचाने के लिए पुलिस और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद 4 मजदूरों को मलबे से निकाला गया, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। 3 अभी भी फंसे हुए हैं। स्थानीय लोगों ने निर्माण में घटिया सामग्री उपयोग करने का आरोप लगाया है।

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे का निर्माण सहारनपुर में हो रहा है। इस बीच, रविवार रात को देवबंद सर्किल के बडगांव थाना क्षेत्र के मोरा गांव के पास एक निर्माणाधीन पिलर अचानक गिर गया। हादसे में 7 मजदूर मलबे में दब गए। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया और 4 मजदूरों को मलबे से बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया। बाकी 3 मजदूरों को निकालने के लिए प्रयास किये जा रहे थे। स्थानीय लोगों का आरोप था कि ठेकेदार घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। पिलर गिरने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े। उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस और प्रशासन की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। और रेस्क्यू टीम ने मलबे में दबे मजदूरों को निकालने का काम शुरू कर दिया है। अभी तक 4 मजदूरों को सुरक्षित निकाला जा चुका है और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। वहीं, अन्य मजदूरों को बचाने की कोशिश जारी है। हादसे की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय प्रशासन सतर्क हो गया है। प्रशासन की पहली प्राथमिकता मजदूरों को सुरक्षित निकालना है।



## भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर को पार्टी ने थमाया कारण बताओ नोटिस

**लखनऊ, 23 मार्च (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने गाजियाबाद की लोनी सीट से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर उनसे सात दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगते हुए पूछा गया है कि क्यों न आपके विरुद्ध आनुशासनहीनता की कार्रवाई की जाए। भाजपा प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने बताया कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने विधायक नंदकिशोर गुर्जर को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा है। दरअसल, पार्टी के संज्ञान में आया है कि पिछले कुछ समय से नंद किशोर गुर्जर द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर सरकार की आलोचना की जा रही है। नोटिस में कहा गया है कि आपके वक्तव्यों व कृत्यों से पार्टी की प्रतिष्ठा को आघात पहुंच रहा है, जो कि अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। बता दे कि नंद किशोर गुर्जर लगातार राज्य सरकार की नीतियों को लेकर निशाना साधते रहे हैं। वहीं अधिकारियों को लेकर भी वह लगातार टिप्पणी करते रहते हैं। हाल ही में उन्होंने गाजियाबाद में कलश यात्रा निकाली थी, जिसमें पुलिस के साथ विधायक और उनके समर्थकों की झड़प भी हुई थी, जिसके बाद उन्होंने मुख्य सचिव और गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर को सार्वजनिक मंच से चुनौती भी दी थी।



### ट्रेन की चपेट में आकर दो युवा खिलाड़ियों की मृत्यु

**चन्दौली 23 मार्च (वार्ता)** चंदौली जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र के ताराजीवनपुर में रविवार सुबह बंद रेलवे फाटक को पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवा खिलाड़ियों की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भीषण था कि युवकों की बाइक ट्रेन के इंजन में फंसकर करीब एक किलोमीटर दूर सहरोई गांव के पास तक चली गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। रेलवे सुरक्षा बल और अलीनगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। चकिया के अरारी गांव निवासी 24 वर्षीय प्रमोद पासवान दयालपुर स्थित अपने ननिहाल में रहता था, वह फुटबॉल खिलाडी था। ताराजीवनपुर के पास खेल मैदान में प्रतिदिन फुटबॉल खेलने जाता था। रविवार की सुबह ताराजीवनपुर निवासी मुनिराज यादव के पुत्र अपने मित्र 22 वर्षीय फुटबॉलर आकाश यादव के साथ बाइक से अभ्यास के लिए जा रहा था।

GOLDEN PUBLIC SCHOOL

Co-educational Sr. Secondary School Affiliated to CBSE, New Delhi

ADMISSIONS OPEN 2025-26

PLAY TO IX & XI (Science, Commerce & Humanities)




"THE FUTURE OF YOUR CHILD BEGINS HERE"

- ★ Safe and Secure CCTV Campus, Lush Green & Pollution Free Environment
- ★ Truly Dedicated, Committed and Trained Teachers
- ★ 100% Board Result of Class X and XII
- ★ Focus on Effective Communication Skills
- ★ Participation of Students in Olympiads, Interschool, State, National and International (Model United Nations) Events
- ★ Transport Available on All Routes

- NO ADMISSION FEE FOR CLASSES PLAY TO VI
- SIBLING DISCOUNT

Registration forms are available for admission on all working days between 10:00 am to 03:00 pm

PACHENDA ROAD, MUZAFFARNAGAR

Email: golden.publicmzn@gmail.com | Talk with us: 0131-2413427, +91 9997589620

Website: www.gpsmzn.in | goldenpublicschoolmuzaffarnagar













## शलभ कौशिक ग्रुप का रहा एटूजेड कॉलोनी चुनाव में कब्जा

**मुजफ्फरनगर, 23 मार्च (बु.)।** एटूजेड कॉलोनी के चुनाव में चारों फेज में 23 में से विजयी हुए 15 पदाधिकारियों एवं सदस्यों में जीत हासिल कर चुके प्रत्याशियों में शलभ कौशिक, अमृत पाल गुट का कब्जा रहा। हालांकि अध्यक्ष पद पर दूसरे गुट के लवी मित्तल ने जीत हासिल की। जीत के बाद कॉलोनी में एक शानदार माहौल दिखाई दिया। दोनों गुटों ने एक ही छत के नीचे आकर एक साथ फोटो कराये और संदेश दिया कि हम सबका उद्देश्य चुनाव से पहले जो भी रहा हो मगर अब चुनाव परिणाम आने के बाद कॉलोनी के विकास की संयुक्त रूप से बात की जाएगी। आपको बता दें कि अधिवक्ता शलभ कौशिक इससे पूर्व एटूजेड कॉलोनी के अध्यक्ष रह चुके हैं।

# ग्रीन एस्टेट एटूजेड कॉलोनी के चुनाव में अमृतपाल डागर पक्ष का दबदबा

**-अध्यक्ष लवी मित्तल, सचिव अमृत पाल डागर, कोषाध्यक्ष बने अमित गर्ग**

**मुजफ्फरनगर, 23 मार्च (बु.)।** ग्रीन एस्टेट कॉलोनी के रोमांचक चुनाव में आज कुल चार फेज के चुनाव हुए, जिसमें अध्यक्ष पद हेतु लवी मित्तल को जीत हासिल हुई। उन्हें 185 मत मिले, जबकि उनके प्रतिद्वन्द्वी सतीश चंद गोयल को 170 मत मिले वहीं सचिव पद के लिए दो मतों से आगे रहकर अमृत पाल डागर ने जीत हासिल की उन्हें 176 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वन्द्वी योगेश मलिक को 174 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर अमित गर्ग ने 192 मत पाकर बाजी मारी जबकि उनके प्रतिद्वन्द्वी अरुण कुमार को 160 मत प्राप्त हुए। इसी क्रम में फेज -1 से उपाध्यक्ष पद पर नरेश चन्द त्यागी ने 62 मत प्राप्त किए, जबकि उनके प्रतिद्वन्द्वी कुलदीप कुमार गुप्ता को मात्र 36 मत मिले। उपसचिव जगरोशन गोयल 62 मत प्राप्त करके विजयी रहे। उनके प्रतिद्वन्द्वी ओमबीर सिंह ने 52 मत प्राप्त किये। कार्यकारिणी सदस्यों में दीपक गर्ग, सुमन पाल व हरिओम शर्मा ने जीत हासिल की। वहीं फेज-2 में उपाध्यक्ष पद पर 42 मत प्राप्त करके राजीव कुमार गर्ग विजयी रहे उनके प्रतिद्वन्द्वी अशोक कुमार को मात्र 24 मत मिले। वहीं उपसचिव पद पर अंशू बंसल, भूपेन्द्र सिंह बालियान व प्रमोद कुमार ने जीत हासिल की। फेज-3 में उपाध्यक्ष पद पर विकास कुमार ने 80 मत प्राप्त करके जीत हासिल की, जबकि उनके प्रतिद्वन्द्वी ने सुनील चौधरी ने 71 मत प्राप्त किये। उपसचिव पद पर मनोज शर्मा ने जीत हासिल की जबकि कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में अनुराधा वर्मा, अमित कुमार, अमित कुमार वर्मा, अर्चना व शशांक माहेश्वरी ने अपना कब्जा जमाया। वहीं फेज-4 में उपाध्यक्ष पद पर विनोद कुमार ने जीत हासिल की व उपसचिव पद पर सीमा राणा ने जीत हासिल कर अपना परचम लहराया। सदस्य पद पर राहुल वशिष्ठ पहले से ही निर्विरोध निर्वाचित हुए थे।

## युवक के सिर में मारा चाकू, हालत हुई गंभीर

**बुढ़ाना, 23 मार्च (बु.)।** पुरानी रंजिश के चलते आधा दर्जन युवकों और महिलाओं ने एक घर में घुसकर एक युवक के सिर में चाकू मार दिया और विरोध करने पर उसकी पत्नि को मारपीट कर घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार फरहीन पत्नी मौहम्मद उमर निवासी लुहसाना रोड सफीपुर पट्टी ने बुढ़ाना कोतवाली में रविवार को पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उसके पड़ोसी प्रतिद्वी मुस्तकीम और सोनू उर्फ नोनू पुत्रगण रूलहा, शाहनवाज पुत्र कलवा, नाजमा पत्नी रूलहा, महरूना पत्नी मुस्तकीम और शबनम पत्नी शहनवाज उससे और उसके पति से रंजिश रखते चले आ रहे हैं। आज रविवार की सुबह करीब 6 बजे मुस्तकीम व सोनू आदि ने एक राय होकर उसके मकान में घुसकर कातिलाना हमला किया। मुस्तकीम ने उसके पति के सिर में चाकू मारा। जिसमें उसका पति सिर में चाकू लगते ही बुरी तरह से लहुलुहान हो गया,



जब उसने सभी आरोपियों का विरोध किया, तो सभी ने उसके साथ भी मारपीट की, जब उसने शोर मचाया, तो मौहल्ले के लोगों को मौके पर आता देख सभी आरोपी उसको हत्या की धमकी देते हुए फरार हो गये। घटना की सूचना पाकर मौके पर बुढ़ाना पुलिस पहुंची और घायल उमर को सीएचसी बुढ़ाना में भर्ती कराकर सब आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

## छात्राओं को मोबाइल फोन वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया

**खतौली, 23 मार्च (बु.)।** चौधरी हरबंस सिंह कन्या डिग्री कॉलेज में शनिवार को हवन पूजन व स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत छात्राओं को मोबाइल फोन वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुनील कुमार निवासी मकसूदाबाद जानसठ ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में छात्राओं व अतिथिगण ने अपने विचार व्यक्त किये। प्राचार्या डॉ. सारिका शर्मा जी ने छात्रों को स्मार्टफोन के प्रयोग के विषय में बताया। छात्राओं ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि सुनील कुमार, अध्यक्ष श्रीनिवास तंवर, उप प्रबंधक हरबीर सिंह, सदस्य सुभाष सिंह ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा से ही हम अपना जीवन सफल बना सकते हैं। कार्यक्रम में छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। कार्यक्रम में भगत कुमार, कृष्ण पाल प्रधान, शीतल, राजपाल सिंह, संजय बिट्टू, अशोक राठी, रंजीत सिंह, रिशिपाल चौहान आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनुराधा तंवर ने किया। इस कार्यक्रम में प्रवक्ता रितु मलिक, प्रदीप कुमार, चेतन कुमार, मीनाक्षी कुमारी, सोनिया, आरती, कामिनी, कोमल का विशेष सहयोग रहा।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 23 मार्च, (बु.)।**
मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 89750 | चांदी- | 98600 |
| सिक्का- | 10800 | गिन्नी- | 66970 |

## वरदान अस्पताल प्रेमपुरी ने खरीदी एलकॉन कम्पनी की फेको मशीन

**- अब होंगे आधुनिक एलकॉन मशीन से बिना टांको के मोतियाबिंद ऑपरेशन - वरदान प्रेमपुरी में आकर आपको प्राइवेट अस्पताल जैसा महसूस होगा : अध्यक्ष शिवचरण गर्ग**

**मुजफ्फरनगर, 23 मार्च (बुस.)।** वरदान धर्मार्थ नेत्र सेवा संस्थान प्रेमपुरी में आज एक महत्वपूर्ण आयोजन हुआ। यहाँ एलकॉन कंपनी की आधुनिक फेको मशीन का लोकार्पण वरिष्ठ समाज सेवी संजीव जैन गर्ग डुप्लेक्स द्वारा किया गया। बैठक की शुरूआत अध्यक्ष शिवचरण गर्ग ने सभी का स्वागत करके की। उपाध्यक्ष योगेंद्र जैन, सीए अजय अग्रवाल और रामकुमार तायल नें सयुंक्त रूप से मुख्य अतिथि को बुके देकर उनका स्वागत किया। सचिव पवन कुमार गोयल ने वरदान धर्मार्थ अस्पताल प्रेमपुरी की प्रगति रिपोर्ट पढ़ी और बताया कि अलकॉन कंपनी की नई तकनीक की आधुनिक फेको मशीन खरीदी गई है, जिससे कैट्रैक्ट का ऑपरेशन बिना टांकों से किया जायेगा। कोषाध्यक्ष भानु प्रताप अग्रवाल ने बताया कि संस्थान केवल 50 रुपये की धनराशि में एमबीबीएस, एमएस सर्जन बीएच यूनिवर्सिटी की गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. स्वाति अग्रवाल से अपनी आँखों की कंसल्टेशन ले सकता है। इसके अलावा फ्री कैंप में आँखों की मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन भी करवा सकता है और बाजार से बहुत ही रियायती दरों पर प्राइवेट ऑपरेशन राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय लेंस से





वरदान अस्पताल प्रेमपुरी में करवा सकता है। संस्थान की डॉ. स्वाति अग्रवाल ने मशीन की खूबियों पर विस्तृत जानकारी सदन को दी और वीडिओ के माध्यम से समझाया कि किस प्रकार हम मोतियाबिंद का ऑपरेशन आधुनिक तरीके से करते हैं। मुख्य अतिथि संजीव जैन गर्ग डुप्लेक्स ने मशीन का अनावरण करते समय कहा कि वरदान निःस्वार्थ समाज की सेवा कर रहा है, आज लेटेस्ट आधुनिक मशीन भी खरीद ली है। इसके लिए पूरी कार्यकारिणी बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि वरदान अस्पताल प्रेमपुरी समाज के लिए बहुत ही पुनीत कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर अपनी भूमि अस्पताल को दान देने वाले योगेंद्र मित्तल जेबी स्टील और अमरीश कुमार सिंघल सिल्वरटन पेपर वालो का बुके देकर स्वागत किया गया। उपाध्यक्ष सीए अजय अग्रवाल ने अस्पताल की पूरी जर्नी शुरू से अब तक की बताई और कहा कि किस प्रकार एक छोटे से पौधे से विशाल वृक्ष की ओर अग्रसर है। रामकुमार तायल ने सभी से आग्रह किया कि आप अपने स्तर से स्कूल में बच्चों के कैंप लगवाये।

मुख्य अतिथि संजीव जैन को अध्यक्ष शिवचरण गर्ग और सचिव पवन कुमार गोयल ने एक सम्मान प्रतीक अस्पताल की ओर से भेंट किया और अध्यक्ष शिव चरण गर्ग ने सभी का धन्यवाद आभार जताया। इस अवसर पर अरविंद संगल, अशोक कुमार अग्रवाल, सी.आर. शर्मा, अशोक कुमार तायल, विजय शुक्ला, राजीव अग्रवाल, पी.के. गुप्ता, प्रेम प्रकाश, विजेंदर सिंघल, जगदीश पांचाल, सतीश शर्मा, अनिल बंसल, रेणु बंसल, गौरव गोयल, अशोक गोयल, सुशील कुमार गोयल, सुनील कुमार गर्ग, एडवोकेट संजीव अग्रवाल, देवेंदर गर्ग, प्रवीण गोयल, विजेश कुमार मित्तल, डॉ. विनोद अग्रवाल, मनोज गर्ग, शरद जैन, अरविंद मित्तल, प्रदीप गोयल, अवनीश मोहन तायल, लोकेश चन्द्रा, अतुल एरेन, संदीप कुमार, अनिल वर्मा, अंकुर गर्ग, विनोद जैन, रामबीर सिंह, अरुण गोयल, अजय गर्ग, शरद गुप्ता, महेन्दर कुमार गोयल, त्रिलोक चंद गुप्ता, रमेश चंद गुप्ता, प्रमोद त्यागी, अंकुर गोयल, सत्य प्रकाश, संदीप कुमार आदि भारी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

## आपका आज का राशिफल

**सोमवार, 24 मार्च, 2025**

**मेष-** समय आशा के विपरीत, मानसिक अशांति, पारिवारिक कष्ट, धनहानि, मित्रों-सुपरिचितों से असहयोग, आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति, व्यर्थ भ्रमण।

**वृषभ-** अधूरे कार्यों की पूर्ति, व्यापार में धन निवेश, सामाजिक क्रियाकलापों की ओर अभिरुचि, आकस्मिक लाभ का सुयोग, पारिवारिक हर्षोल्लास का वातावरण।

**मिथुन-** ग्रहस्थिति अनुकूल, समस्या के समाधान का मार्ग प्रशस्त, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, परोपकार की भावना जागृत, मनोरंजन की ओर रुचि, आनन्द।

**कर्क-** लाभ का मार्ग प्रशस्त, विरोधी का षड्यन्त्र विफल, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, मनोनुकूल कार्यों में अनुकूलता, पारिवारिक जीवन आनन्दमय, धर्म आस्था।

**सिंह-** स्वास्थ्य के प्रति चिन्ता, संकल्प-विकल्प से हानि, परिवार में किसी सदस्य के अवस्थ होने की मानसिक बेचैनी, नवसमस्याएं उत्पन्न, भौतिक सुख में कमी।

**कन्या-** दिनचर्या व्यवस्थित, व्यावसायिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, वाद-विवाद का समापन, सुसंदेश की प्राप्ति, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, भौतिक सुख के साधन सुलभ।

**तुला-** सामयिक कार्यों में सफलता, अर्थपक्ष में सफलता की स्थिति, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, आय के नवीन साधन उपलब्ध, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, यात्रा सफल।

**वृश्चिक-** दिनचर्या व्यवस्थित, शुभ भावनाओं का उदय, आत्मिक शांति, जीवन साथी से सामंजस्य, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, प्रतियोगिता में सफलता, वातावरण सुखद।

**धनु-** ग्रहस्थिति विपरीत, आशानुकूल सफलता में विलम्ब, धर्म के प्रति अरुचि, उलझनें प्रभावी, शत्रु सक्रिय, राजकीय पक्ष से कष्ट, कार्यक्षमता में कमी का अहसास।

**मकर-** कार्य-व्यवसाय में सफलता, कर्ज की अदायगी, आकस्मिक लाभ का सुयोग, आपसी सलाह से कामयाबी, शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति, सुख के साधन सुलभ।

**कुम्भ-** भाग्योन्नति हेतु प्रयास, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, जीवन साथी से सामंजस्य, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल, धन संचय में प्रवृत्ति, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न।

**मीन-** व्यापारिक उन्नति, परोपकार की भावना जागृत, व्यक्तित्व का विकास, समस्याओं का पूर्ण समाधान, भोग-विलासिता की ओर रुझान, मनोरंजन रुचि।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722





## अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन के परिचय सम्मेलन में उठी एकता की आवाज

**मुजफ्फरनगर, 23 मार्च (बु.)।** रविवार को आर्य समाज मंदिर में अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन का परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष एड. कपिल गुप्ता व संचालन महामंत्री हरीश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकुर मित्तल रहे। इस दौरान मुख्य रूप से राष्ट्रीय महामंत्री प्रिंस कंसल, राजकुमार गर्ग, राष्ट्रीय संगठन मंत्री जितेन्द्र गोविल, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. योगेश जिन्दल ने अपने विचार रखे। आर्य समाज मंदिर में आयोजित परिचय सम्मेलन में प्रदेश महामंत्री श्रवण अग्रवाल ने कहा कि शीघ्र ही नगर में महाराजा अग्रसेन जी के नाम से एक चौराहे की मांग की जाएगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष कशिश गोयल ने वैश्य समाज की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि वैश्य समाज पर किसी भी प्रकार का अत्याचार सहन नहीं किया जायेगा। प्रदेश सचिव युवा हर्ष गोयल ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने वैश्य समाज की राजनीति में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी की पैरवी की। इस दौरान भाजपा नेता विशाल गर्ग, नगर अध्यक्ष आलोक अग्रवाल, खतौली नगर अध्यक्ष अभिषेक, सिसौली नगर अध्यक्ष अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामकुमार बंसल, वाशु गोयल, कुलदीप मित्तल, अनिल जिन्दल, अनमोल जिन्दल, प्रियांशु गुप्ता, लवी गोयल, नितिन गोयल, महेश मित्तल, अंकित बिन्दल, मोहित गुप्ता, अखिल गुप्ता, अर्चित सिंघल, आयुष गोयल, विजय अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अभिषेक मित्तल, अनंत गर्ग, नीरज तायल, आलोक गर्ग, पुरुषोत्तम सिंघल, प्रमोद गुप्ता, अशोक सिंघल, संदीप मित्तल आदि सैकड़ों की संख्या में वैश्य बंधु उपस्थित रहे।

## पर्यावरण, बालिका शिक्षा,महिला सशक्तिकरण, एवं सुरक्षा के क्षेत्रों में परिवर्तन लाने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया






**मुजफ्फरनगर, 23 मार्च (बुस.)।** आज सूर्य क्रांति फाउंडेशन ग्रुप गौतम बुध नगर के तत्वावधान में गलगोटिया यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा के सभागार में आयोजित राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण एवं बालिका शिक्षा सम्मेलन में राष्ट्र के सभी प्रदेशों से चयनित विशिष्ट प्रयासों एवं अथक परिश्रम द्वारा पर्यावरण, बालिका शिक्षा,महिला सशक्तिकरण, एवं सुरक्षा के क्षेत्रों में परिवर्तन लाने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जनपद मुजफ्फरनगर से अनुराधा वर्मा विषय विशेषज्ञ ब्लॉक पुरकाजी,जनपद मुजफ्फरनगर को राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण एवं बालिका शिक्षा अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ के.के. खंडेवाल आईएएस सेवानिवृत्त एवं आरडी बाजपेई सहायक उप शिक्षा निदेशक एसईआरटी लखनऊ उत्तर प्रदेश तथा अमर बी क्षेत्रीय डायरेक्टर भारतीय स्काउट एंड गाइड सूर्य क्रांति के फाउंडर कृष्ण कुमार शर्मा आदि मौजूद थे। अनुराधा वर्मा राष्ट्रीय पर्यावरण अवार्ड 2025 को पाकर अपने आप में गौरवान्वित है। इससे पूर्व उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं प्रशंसनीय सराहनीय कार्य के लिए अनेकों बार सम्मानित किया जा चुका है। सम्मान पाकर अपने जनपद मुजफ्फरनगर का लगातार गौरव बढ़ा रहे हैं।

## शहीदी दिवस पर पुरकाजी में लगा रक्तदान शिविर

**पुरकाजी, 23 मार्च (बु.)।** शहीद दिवस पर अमूल्य जीवन सेवा ट्रस्ट व जगतबंधु सेवा ट्रस्ट के सौजन्य से सिटी ब्लड बैंक रूड़की के द्वारा नगर पंचायत पुरकाजी के बाहर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिटी ब्लड बैंक रूड़की से आयी टीम में डॉ. राहुल सिंह, डॉ. आशा सुनील मौजूद रहे। कैंप में पहुंचे डॉ. सचिन कुमार, अंकुर भाई, धीरज मास्टर, डीके मास्टर ने सभी रक्त वीरों का हौसला बढ़ाया और सभी को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। रक्तदान करने के फायदे भी बताए गए। शिविर में 46 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान महादान के अध्यक्ष सलमान जी ने कहा कि रक्तदान महादान है। हमारी संस्था के माध्यम से पूरे देश भर में जरूरतमंदों को जरूरत पड़ने पर रक्त की कमी न हो, इसके लिए हम जगह-जगह रक्तदान शिविर लगाते हैं। अमूल्य जीवन सेवा ट्रस्ट के राजवीर सिंह प्रजापति ने कहा कि हमें रक्तदान शिविर के आयोजन में सहयोग करने का अवसर मिला और हमें यह देखकर खुशी हुई कि इतने सारे लोगों ने रक्तदान किया।

## शहीदी दिवस पर सोरम की ऐतिहासिक चौपाल पर याद किए गए सरदार भगत सिंह

**-सर्वखाप मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में -सैकड़ों आम एवं खास लोगों ने शिरकत की -शीघ्र आयोजित की जाएगी सर्वखाप पंचायत : चौधरी नरेश टिकैत -कार्यक्रम को सांसद हरेंद्र मलिक, विधायक राजपाल बालियान, चेयरमैन अकरम कुरैशी, भाजपा नेता श्यामपाल भाई जी ने भी संबोधित किया**

**शाहपुर, 23 मार्च (बु.)।** शाहपुर क्षेत्र के गांव सोरम में शहीदी दिवस पर शहीद भगत सिंह सेवा समिति के द्वारा ऐतिहासिक चौपाल पर शहीदों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में विशाल यज्ञ के यजमान सत्यम कुमार रहे, जबकि यज्ञ के ब्रह्मा बरनावा गुरुकुल के अरविंद आचार्य रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि शहीदी दिवस पर शहीदों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित होने से युवाओं को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही सर्वखाप पंचायत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी अपना सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों को नए शेड्यूल के अंतर्गत 7 घंटे विद्युत आपूर्ति करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मांग की कि गर्मी के मौसम में किसानों को सिंचाई की अत्यधिक आवश्यकता होती है, इसलिए विद्युत की ज्यादा आपूर्ति कराई जाए । देशवाल खाप के चौधरी शरणवीर सिंह देशवाल ने कहा कि गांव के युवाओं द्वारा शहीदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करना सराहनीय है। इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होने से युवाओं में बच्चों को अपने क्रांतिकारियों के बारे में जानकारी मिलेगी। सर्वखाप मंत्री चौधरी सुभाष बालियान ने कहा कि आजादी की लड़ाई में ऐतिहासिक चौपाल से अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिसके चलते आजादी की लड़ाई को बल मिला । उन्होंने कहा कि हमें क्रांतिकारियों से सीख लेकर आपसी भाईचारा मजबूत करना चाहिए। सपा सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि महान क्रांतिकारियों के संघर्षों की बदौलत ही देश को जालिम अंग्रेज सरकार से आजादी मिली। देश के क्रांतिकारियों के बलिदान के बारे में हर देशवासियों को पता होना चाहिए। क्षेत्रीय रालोद विधायक राजपाल सिंह बालियान ने कहा कि महान क्रांतिकारी के संघर्ष व बलिदान के कारण देश को आजादी मिली है। प्रत्येक भारतवासी इन महान क्रांतिकारियों का ऋणी है। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा कि देश के पूर्व पर्यटन मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने अपने कार्यकाल में गांव में आकर सड़कों के निर्माण के लिए व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व एमएलसी चौधरी भूपेंद्र सिंह ने ऐतिहासिक चौपाल के जीर्णोद्धार के लिए धनराशि दी । पूर्व मंत्री चौधरी योगराज सिंह ने कहा कि वीर शहीदों की बदौलत ही हमें आजादी मिली है। गांव की युवा टीम ने लोगों को जागरूक करने का काम किया। कार्यक्रम में गांव के यूपी पुलिस भर्ती में चयनित 21 युवक युवतियों को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में गायक अरशद गुड्डू व उनकी टीम ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत सुनाएं । कार्यक्रम के आयोजक प्रमोद कुमार के अलावा विपिन बालियान, राजीव कुमार, डॉ प्रदीप बालियान, देशवीर, रविंद्र कुमार व जसपाल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विपिन बालियान ने किया। कार्यक्रम को बुड़ियान खाप के चौधरी सचिन के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान के भाई विवेक बालियान, जनपद जाट महासभा के जिलाध्यक्ष धर्मवीर बालियान, नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी, भाजपा नेता श्यामपाल सिंघल, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी गांव प्रधान करणवीर सिंह आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में समाज सेवी डॉ. गौरव सैनी, अरविंद पाल, नीरज राठी, पूर्व प्रधान सुधीर चौधरी, पूर्व प्रधान शिवचरण चौधरी, डॉ. लोकेंद्र बालियान, डॉ. देवेंद्र सिंह, मास्टर विक्रम सिंह, बजाज ग्रुप के सेवानिवृत जीएम जयप्रकाश सिंह व संदीप बालियान आदि सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं हरीश मनोचा पुत्र स्व0 श्री शांति स्वरूप 155, गढ़ी गौरवान, मोती महल, शहर कोतवाली क्षेत्र मुजफ्फरनगर का निवासी हूँ। मेरे पिता स्व0 शांति स्वरूप का मकान का बैनामा बही नं0 प्रथम की प्रति 1685 के पृष्ठ संख्या 101/104 में क्रमांक 3716 दिनांक 26/05/1975 ई0, रास्ते में घर (गढ़ी गौरवान) से निकलते समय दिनांक 18/03/2025 को कहीं गिर गया। मैंने संभावित स्थानों पर ढूंढने की कोशिश की लेकिन दस्तावेज नहीं मिला। उस दस्तावेज का किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उपयोग अवैध व अनुचित होगा।

# भूमाफियाओं द्वारा अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण को प्रशासन ने रुकवाया

**- ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी सहित अधिकारियों से की शिकायत**

**भोपा, 23 मार्च (बु.)।** शुकतीर्थ में भूमाफियाओं का मकड़जाल फैलता जा रहा है, जिसमें सीधे सादे ग्रामीणों को फंसाकर फर्जी बैनामे आदि करके करोडों रुपए ऐंठने का कार्य बड़े पैमाने पर हो रहा है। ग्राम सभा की भूमि पर भी भूमाफिया कब्जा कर रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर उपजिलाधिकारी जानसठ ने अवैध रूप से किए जा रहे कब्जे को रूकवाया तथा तहसील में कागजात दिखाने के आदेश दिये। ग्रामीणों ने भूमाफियाओं से अवैध कब्जा हटवाने की मांग प्रशासन से की है। भोपा थाना क्षेत्र स्थित तीर्थनगरी शुकतीर्थ निवासी धर्मेन्द्र शर्मा व फिरोजपुर निवासी भूषण ने एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि खसरा नं. 235म शुकतीर्थ खादर में लगभग 100 बीघा भूमि ग्राम सभा व 1020 मीटर भूमि छः काश्तकारों की है, जिसमें एक काश्तकार द्वारा फर्जी तरीके से 1020 मीटर कुल भूमि का बैनामा कर दिया गया है, जबकि उसके हिस्से में मात्र 175 मीटर भूमि आती है। खसरा नं. 235म में ही ग्राम सभा द्वारा दस लोगों को पूर्व में सन 1992-93 में आबंटन भी हुआ है। इस भूमि पर कुछ भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। एसडीएम जानसठ के आदेश पर मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ब्रजेश सिंह, कानूनगो ललित मोहन शर्मा, विकास धनगर, शुकतीर्थ चौकी प्रभारी रणवीर सिंह की टीम ने अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण कार्य को अग्रिम आदेश तक रूकवा दिया। ग्रामीणों के अनुसार भूमाफियाओं ने जमीन को फर्जी तरीके से महंगे दामों पर बेचना शुरू कर दिया है। उपजिलाधिकारी जानसठ जयेन्द्र सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। तहसील टीम को भेजकर निर्माण कार्य रूकवा दिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है। ग्रामीणों ने भूमि की सही पैमाईश कर अवैध रूप से किये जा रहे कब्जे को हटवाने की मांग जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर व उपजिलाधिकारी जानसठ से की है।





## फिर से घटा शुकतीर्थ बाण गंगा का जल स्तर, साधु संतों में भारी रोष

**भोपा, 23 मार्च (बु.)।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ बाण गंगा का जल स्तर फिर से कम हो गया है। दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालु बिना गंगा स्नान किए ही लौटने लगे हैं। साथ ही गंगा में नौका विहार भी बंद हो गया है। गंगा में जल न आने से नगरी के साधु-संतों, दुकानदारों, पुजारियों एवं श्रद्धालुओं में भारी रोष व्याप्त हो गया है। तीर्थनगरी शुकतीर्थ स्थित गंगा में जलस्तर लगातार घटता जा रहा है। श्रद्धालुओं को गंगा घाट पर स्नान करने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। श्रद्धालु गंगा में स्नान किए बगैर ही वापस लौट रहे हैं। गंगा में पर्याप्त जल न होने के कारण गंगा में नौका विहार का संचालन भी बंद हो गया है और श्रद्धालु मायूस होकर लौटने लगे हैं। गंगा घाट पर दुकानदारों का रोजगार भी बंद हो गया है। गंगा घाट के पंडित पुरोहित भी खाली बैठे हैं। रविवार को आचार्य इंद्रपाल शास्त्री के नेतृत्व में साधु संतों, पुरोहितों व दुकानदारों ने गंगा में खड़े होकर गंगा के जलस्तर को लेकर प्रदर्शन किया तथा गंगा में जल छोड़ने की मांग प्रशासन से की। गंगा में जलस्तर कम होने से नगरी के साधु-संतों, दुकानदारों, पुजारियों एवं श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त हो गया है।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## भाजपा अध्यक्ष का चुनाव और संघ

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होना है, संघ की सहमति वाला कोई नाम होगा यह भी चर्चा चल रही है, संघ के प्रतिनिधि पत्रकारों के सवाल पर अपनी जो राय पेश कर रहे हैं, वह अध्यक्ष के नाम पर संघ की असहमति या सहमति से अलग है। अधिक लोगों का कहना है कि भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा और संघ की एक राय के बाद चुन लिया जाएगा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए भारतीय जनता पार्टी का नया अध्यक्ष चुने जाने के सवाल पर पार्टी के साथ असहमति की अटकलों को खारिज किया है। बेंगलुरू में आरएसएस से जुड़ी फैसले लेने वाली समिति अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के सर सहकार्यवाह अरुण कुमार ने कहा कि संघ और बीजेपी के बीच इस बात के लेकर कोई असहमति नहीं है। कहा जा रहा है कि बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के उत्तराधिकारी की तलाश लोकसभा चुनाव से पहले ही पार्टी के भीतर शुरू हो गई थी। 21 मार्च को बेंगलुरू में आरएसएस की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक शुरू हुई है। इस दौरान अरुण कुमार ने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बारे में तो बात की, साथ ही बांग्लादेश के हिंदू समुदाय के बारे में चिंता भी जतायी। नया बीजेपी अध्यक्ष चुनने के मामले में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के सर सहकार्यवाह अरुण कुमार ने कहा कि संघ अपने साथ जुड़े 32 संगठनों के कामकाज में दखल नहीं देता। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने नेताओं को चुनने की प्रक्रिया पर फैसला लेने की स्वतंत्रता है। हम उनके साथ मिलकर राष्ट्रीय मुद्दों पर काम करते हैं। पार्टी जो भी फैसला लेती है, वो पार्टी का अंदरूनी मामला है। साथ ही उन्होंने कहा कि बीजेपी और आरएसएस के बीच कोई असहमति नहीं है, समाज और राष्ट्र से जुड़े मुद्दों पर दोनों आपसी भरोसे के साथ काम करते हैं। अरुण कुमार से ये सवाल किया गया था कि जब भी जेपी नड्डा की जगह पर किसी को चुनने की बात आती है, तो पार्टी के नेता किसी राज्य के चुनावों या फिर कोई और बात कहकर पार्टी के भीतर चुनाव की बात टालते क्यों हैं? इस पर उन्होंने यह जवाब दिया। जेपी नड्डा जून 2019 में बीजेपी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए थे। वो जनवरी 2020 तक इस भूमिका में रहे। उन्हें जनवरी 2020 में औपचारिक तौर पर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया था, तब से वो इस पद पर हैं। जेपी नड्डा के नेतृत्व में बीजेपी ने 35 राज्यों में चुनाव लड़ा है। बीता लोकसभा चुनाव भी उनके नेतृत्व में लड़ा गया था, जब तीसरी बार बीजेपी ने सत्ता में वापसी की थी। 2024 के आखिर में मीडिया में रिपोर्टें आने लगी कि नड्डा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर तीन साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है और बीजेपी अगले अध्यक्ष की तलाश कर रही है। फरवरी में दिल्ली और कई और राज्यों में विधानसभा चुनाव थे, जिसके कारण चुनाव को टाल दिया गया, लेकिन अब उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही पार्टी इसके लिए चुनाव करवाएगी। बीजेपी के पार्टी संविधान के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए कम से कम 50 फीसदी राज्य ईकाइयों में संगठनात्मक चुनाव कराए जाने होते हैं। आरएसएस और बीजेपी के बीच तनाव की खबरों को उस वक़्त हवा मिली, जब सार्वजनिक रूप से नड्डा ने एक टिप्पणी कर दी थी, कहा गया कि वह टिप्पणी बीजेपी को भारी पड़ गयी थी। उस टिप्पणी ने आलोचकों को इसका गलत अर्थ निकालने का भरपूर मौका दिया। उनकी यह टिप्पणी लोकसभा चुनाव से कुछ समय पहले आयी, जब उनसे पूछा गया कि प्रधानमन्त्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय की तुलना में आरएसएस में कितना बदलाव आया है? इसके जवाब में जेपी नड्डा ने कहा था कि ₹शुरूआत में हम कम सक्षम थे, छोटे संगठन थे और इसलिए हमें आरएसएस की जरूरत थी, आज हम एक बड़ा संगठन बन गए हैं और हम अधिक काबिल बन गए हैं, बीजेपी अपना कामकाज खुद चलाती है, ये वो फर्क है जो आया है₹। आरएसएस के प्रवक्ता सुनील आंबेकर से जब इस पर सवाल किया गया, तो उन्होंने टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया। उन्होंने कहा कि परिवार के मसअले परिवार ही में सुलझाए जाते हैं। अक्तूबर में आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने कहा था कि नड्डा के बयान की भावना वो समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि वो ये कहना चाहते थे कि बीजेपी को आरएसएस पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। सभी संगठनों को अपनी ताकत खुद बढ़ानी चाहिए। नड्डा की टिप्पणी का मतलब ये था कि चुनाव लड़ने के लिए बीजेपी को आरएसएस पर नहीं निर्भर रहना चाहिए। अगर कुछ होता है, तो हमें पता है, हमें उसे कैसे दुरुस्त करना है। जेपी नड्डा भी आरएसएस की इस बैठक में हिस्सा लेना के लिए बेंगलुरू पहुंचे गये हैं। चर्चा यह भी है कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को विक्रम संवत से जोड़ना चाहती है। इसलिए माना जा रहा है कि 30 मार्च से शुरू हो रहे हिंदू नववर्ष के बाद घोषणा हो सकती है। इस बार राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए दक्षिण भारत से किसी नेता के नाम पर सहमति बन सकती है। क्योंकि, भाजपा का फोकस अब दक्षिणी राज्यों पर है। 20 साल से दक्षिण से कोई राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बना है। 2002-2004 के बीच वेंकैया नायडू आंध्र से अन्तिम अध्यक्ष थे। ये तय है कि जो भी नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेगा, अगला लोकसभा चुनाव 2029 उसी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल 3 साल होता है, ऐसे में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल जनवरी 2028 तक होगा। ठीक 14 महीने बाद लोकसभा चुनाव होंगे, जिसके चलते उनका कार्यकाल लोकसभा चुनाव तक बढ़ाया जाएगा। जेपी नड्डा का कार्यकाल जनवरी 2024 में खत्म हुआ था। पिछले साल लोकसभा चुनाव के लिए जून तक उनके कार्यकाल को 6 महीने का विस्तार दिया गया था। नड्डा अभी केंद्रीय मंत्री भी हैं। भाजपा में अभी तक राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव निर्विरोध होता आया है। यानी सिर्फ एक ही व्यक्ति नामांकन करता है और बिना वोटिंग अध्यक्ष चुन लिया जाता है। इस बार भी यही परंपरा रहने की उम्मीद है। 2013 में जब नितिन गडकरी को दोबारा अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया शुरू हुई थी, तब यशवंत सिन्हा ने नामांकन पर्चा लिया था। इससे बवाल मच गया था, लेकिन जब गड़करी ने अनिच्छा दिखाई, तब सिन्हा ने पर्चा वापस लिया था और राजनाथ सिंह को अध्यक्ष चुना गया था।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'दौलत' 'शोहरत' 'ताकत' 'रुतबा'

न दौलत है, न शोहरत है, न ताकत है, न रुतबा है,
मगर फिर भी बशर देखो,नशे में चूर रहता है।
समय बदला, सफर बदला, बदल कर रह गये हैं हम,
बराबर का पड़ोसी भी नजर से दूर रहता है।







# उद्धव चरित्र रुकमणि विवाह की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

## सनातन धर्म सभा भवन में श्रीमद् भागवत कथा आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 23 मार्च (बु.)।** श्रीजी सेवा समिति की ओर से नगर के सनातन धर्म सभा भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठें दिन रविवार को उद्धव चरित्र एवं रुकमणि विवाह प्रसंग का सुन्दर एवं सारगर्भित वर्णन किया। इस दौरान सभा भवन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में नगर की प्रथम नागरिक के रूप में पालिका की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। व्यास पीठ की पूजा-अर्चना के बाद प्रारंभ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में भक्ति संगीत के माध्यम से भक्तों को गदगद किए रखे। सनातन धर्म सभा भवन परिसर में कथा व्यास हिमेश शास्त्री ने कान्हा के महारास व गोवर्धन पूजा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने इंद्र का अहंकार तोड़ा था। इसके बाद कृष्ण की बात मानकर ब्रजवासी गोवर्धन की पूजा करने लगे थे। इससे इंद्र क्रोध में आकर ब्रज में भारी वर्षा के साथ ही आंधी तूफान का कहर मचाने लगे। उसी वक्त कृष्ण ने अपने छोटी अंगुली पर गोवर्धन पर्वत को उठाया और ब्रजवासियों की मदद की। श्री कृष्ण की इस लीला ने इंद्र का अहंकार तोड़ दिया था। कथा व्यास हिमेश शास्त्री ने कहा कि महारास की लीला जीव और परमात्मा के मिलन की लीला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक परमात्मा के प्रति पूर्ण समर्पण नहीं होगा, तब तक जीव आत्मा का मिलन संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि भगवान केवल अक्रूर के साथ ही मथुरा गए थे, क्योंकि अक्रूर उनके परमभक्त थे। उन्होंने बताया कि अक्रूर जो कठोर नहीं है जिसका दिल सरल है कोमल है, कपट रहित है। उनके इन्हीं गुणों के चलते भगवान उनके साथ गए। महाराज श्री ने कहा कि आज भी भगवान उसके साथ जाने के लिए तैयार है, जो सरल हृदय वाले हैं। इसलिए यदि श्री कृष्ण को अपने साथ में लगाना चाहते है, तो हमें भी अपने हृदय को सरल एवं कोमल करना होगा, क्रूरता रहित बनना होगा। महाराज श्री ने इसके बाद कथा में कंस वध, रूकमणि के साथ विवाह का वर्णन किया। इस दौरान आयोजित कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रीमद् भागवत कथा की ज्ञानमयी अमृत वर्षा का रसपान करते हुए स्वयं को धन्य किया। इस दौरान अश्वनी रहेजा, अनिल अग्रवाल, ईश कौशल, शिवचरण गर्ग, सतीश गर्ग, सुनील गर्ग, किशन लाल खेड़ा, पीयूष शर्मा, विजय पांडेय, विजय वेदी, संजीव धीमान, सुभाष चन्द, नरेश वांसल, महन्त पं. मनसुख शर्मा, हर्षित कौशल समेत श्री जी सेवा समिति पदाधिकारियों ने व्यवस्था बनाने में सहयोग किया।




## मान्यता प्राप्त विद्यालय महासभा की नगर कार्यकारिणी गठित

**मुजफ्फरनगर, 23 मार्च (बु.)।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय महासभा की ओर से रविवार को इंदिरा कॉलोनी स्थित एक पब्लिक स्कूल में महासभा नगर इकाई की कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में नगर अध्यक्ष सुरेश चंद त्यागी एवं महासचिव अनिल धीमान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश चौरसिया, उपाध्यक्ष मौ. जावेद, वरिष्ठ सचिव अमर पांचाल, सचिव युसूफ खां, हिमानी शर्मा, कोषाध्यक्ष सचिन गुप्ता, संगठन मंत्री सारिका पंवार, एवं सदस्यों में सुरेश कुमार, जिया अल्वी, महेश वर्मा, नदीम खां, सुनील त्यागी, सुरेंद्र वर्मा, रविंद्र पाल व विशेष आमंत्रित सदस्यों के रूप में जफरयाब खां ने शपथ ग्रहण की। समारोह को प्रांतीय अध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा, मंडल अध्यक्ष सतीश शर्मा, जिलाध्यक्ष रकम पाल सिंह सैनी आदि ने संबोधित करते हुए महासभा द्वारा विद्यालय हित में किए गए कार्यों पर चर्चा करते हुए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।

## मुनीम कॉलोनी जैन मंदिर में चेयरपर्सन ने किया स्वास्थ्य कैंप का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर, 23 मार्च (बु.)।** नई मंडी मुनीम कालोनी स्थित जैन मंदिर में रविवार में संपन्न स्वास्थ्य कैंप का शुभारंभ पालिका की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप व वार्ड सभासद सीमा जैन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान शिविर आयोजकों द्वारा अतिथियों के साथ चिकित्सकों व उनकी टीम का पटका व माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य कैंप सच्ची मानवसेवा के प्रतीक हैं, सभी साधन संपन्न लोगों को ऐसे स्वास्थ्य कैंप भीआयोजित कराने चाहिए, ताकि जरुरतमंदों को विशेषज्ञ चिकित्सकों का लाभ बीमारी के उपचार में मिले। रविवार को नई मंडी मुनीम कालोनी में भारतीय जैन महासंघ मुजफ्फरनगर कार्यकारिणी द्वारा श्री 1008 शान्तिनाथ जैन मंदिर के साधु भवन परिसर में मानव सेवार्थ एक दिवसीय स्वास्थ्य कैंप मेदांता मेडिसिटी गुडगांव की टीम के सहयोग से आयोजित किया। कैंप में मेदान्ता से आये कैंसर, हृदय व छाती रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं इस बीच प्रदान करते हुए रोगियों को निःशुल्क उपचार परामर्श देने का काम किया। इस दौरान भारतीय जैन महासंघ शाखा मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष मनोज जैन ने अतिथि के रूप में पहुंची चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप व वार्ड सभासद सीमा जैन पत्नी विकल्प जैन युवा भाजपा नेता का अन्य महासंघ पदाधिकारियों के साथ पटका पहनाकर स्वागत किया। भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ शिविर में अतिथियों ने भी यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य परीक्षण कराकर परामर्श भी प्राप्त किया। अध्यक्ष मनोज जैन ने बताया कि यह स्वास्थ्य शिविर महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री अधलेश जैन व उनकी पत्नी संतोष जैन के सौजन्य से आयोजित किया गया। शिविर में स्वर्गीय जगदीश प्रसाद जैन चेरिटेबल ट्रस्ट के अविरल जैन का भी सहयोग रहा। व्यवस्था संभालने में राहुल जैन, शुभम जैन व आयुष जैन सहित भारतीय जैन महासंघ के समस्त पदाधिकारियों व टीम की सेवा सराहनीय रही।



# कुप्रथाओं को रोकने के लिए आगे आए समाज: कलम सिंह

**मुजफ्फरनगर, 23 मार्च (बु.)।** गुर्जर सद्भावना सभा द्वारा रामपुर तिराहा स्थित गुर्जर हॉस्टल में गुर्जर समाज द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गुर्जर दिवस पर संपन्न कार्यक्रम में जिलेभर से गणमान्य लोगों ने पहुंच बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएवी डिग्री कॉलेज के पूर्व चीफ प्रॉक्टर एवं प्रो. डॉ. कलम सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम में गुर्जर सद्भावना सभा के अध्यक्ष रामपाल सिंह ने कहा कि गुर्जर सद्भावना सभा पिछले 30 वर्षों से समाज उत्थान के लिए कार्य कर रही है। कार्यक्रम में रस्म पगड़ी के अवसर पर होने वाले ब्रह्मभोज आदि कुप्रथाओं, दहेज प्रथा पर असहयोग, पूर्ण नशाबंदी पर विचार व अंधविश्वास निवारण आंदोलन आदि विषयों पर बोलते हुए कहा कि समाज में ब्रह्मभोज बंद करने के लिए गांव-गांव जाकर गुर्जर समाज को जागरूक किया जाएगा तथा रस्म पगड़ी के अवसर पर केवल एक ही व्यक्ति को शोकसभा में बोलने को प्रेरित किया जाएगा। सभा में अभिषेक चौधरी गुर्जर ने कहा कि समाज की अग्रिम पंक्ति के लोगों का मूल दायित्व है कि समाज में फैली



सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास, शिक्षा, स्वावलंबन, जीवन में निरंतर हो रहे नैतिक मूल्यों के पतन आदि गंभीर विषयों पर अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए कार्य करना चाहिए। पुष्पेंद्र कुमार ने कहा कि देश के इतिहास में आज तक जितने सम्राट हुए हैं इनमें सम्राट मिहिर भोज,



सम्राट कनिष्क और सम्राट मिहिरकुल हुन तीनों सम्राट गुर्जर थे। देशराज चौहान जिला अध्यक्ष ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज समाज में शिक्षा के साथ साथ व्यापार में भी आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। हमें सामाजिक कुरीतियों जैसे ब्रह्मभोज, कंदूरी, कुंडली मिलान दहेज प्रथा व शादियों में बढ़ रहे डीजे के प्रयोग आदि पर समाज में छोटी-छोटी संगोष्ठियों के माध्यम से जागरूकता लाने का कार्य करना बाहिए। कार्यक्रम में मुचय रूप से ओपी चौहान, बालक राम, सुरेश कुमार, विनीत बैसला, मोहित मुखिया आदि लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।



## शारदेन के चिल्ड्रन वर्ल्ड में ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 23 मार्च (बु.)।** शारदेन स्कूल के चिल्ड्रन वर्ल्ड में बच्चों की ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। इसमें छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से सबको आकर्षित किए रखा। कार्यक्रम में केजी विंग के नन्हें नन्हें बच्चों द्वारा गायत्री मंत्र प्रस्तुत किया गया। वहीं यूकेजी रेड के बच्चों ने कहानी वाचन- यूनिटी ब्रिंग स्ट्रैंथ तथा रोल प्ले ऑन रेलवे स्टेशन किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए कार्यक्रम ने सभी अभिभावकों एवं अध्यापकों को अपनी ओर आकर्षित किया। इस कार्यक्रम में अकदम, अक्सा, हबीब, हिफजान, इब्राहिम तथा अनाबिया ने प्रस्तुति दी। वहीं गुड बाय डांस के सुंदर प्रदर्शन में सारा, अली फातिमा, अली रजा, हुदा ने स्माइल प्रस्तुति दी। गायत्री मंत्र जसमीत, आफिया, वीर वंश, अनाया खां द्वारा प्रस्तुत किया। रोल प्ले में आरवी, मायरा, ट्रिजल, अनाया, अथर्व, अनाया, कबीर, इफरा द्वारा व श्री लिटिल फिश का प्रदर्शन भार्गवी,अनाया मित्तल, अविका, बंदर मामा का आयोजन मन्तेग एवं दानियाल के द्वारा किया गया। शारदेन स्कूल के डायरेक्टर विश्व रतन ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों का विशेष महत्व है। इन गतिविधियों में भाग लेकर बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है तथा मिलजुल कर काम करने की भावना का विकास होता है। इसमें ये मासूम बच्चे आगे जाकर किसी भी क्षेत्र में कार्य करने में सक्षम होते हैं। अंत में प्रधानाचार्य धारा रतन ने सभी अभिभावकों का कार्यक्रम में आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए धन्यवाद किया तथा सभी बच्चों व शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की।

## श्रीकृष्ण लीलाओं के वर्णन संग भागवत कथा का समापन

**मुजफ्फरनगर, 23 मार्च (बु.)।** गौशाला,नदी रोड स्थित श्री मदनानंद वानप्रस्थ आश्रम में रविवार को श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन वृंदावन से पधारे कथा व्यास आचार्य धर्मेन्द्र जी उपाध्याय महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मां देवकी को वापस देना व सुदामा चरित्र का वर्णन किया। कथा व्यास आचार्य धर्मेंद्र उपाध्याय जी महाराज ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण-सुदामा जी से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र से मिलने को द्वारिका पहुंचे। सुदामा ने द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे। द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर द्वार पर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वे कृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है, जो अपना नाम सुदामा बता रहा है। द्वारपाल के मुंह से सुदामा का नाम सुना और प्रभु सुदामा-सुदामा कहते तेजी से द्वार की तरफ भागे, सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। भगवान श्री कृष्ण ने सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाने के साथ उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। जब जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं। इस दौरान कमल मित्तल, राजीव बालियान समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



## शहीद भगत सिंह सेवादल (रजि.) ने शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु को श्रदासुमन अर्पित किए

**मुजफ्फरनगर, 23 मार्च (बुस.)।** शहीद भगत सिंह सेवादल (रजि.) द्वारा शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु को उनके बलिदान दिवस पर श्रदासुमन अर्पित किए। आज शहीद भगत सिंह सेवादल (रजि.) द्वारा गांधी कॉलोनी स्थित मेन रोड पर लक्ष्मी नारायण मंदिर के बाहर शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा पुष्प अर्पित किए गए तथा उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और उसके बाद गांधी कॉलोनी बाजार में स्थित सभी दुकानदारों ने भी श्रद्धांजलि देते हुए एक-एक कैंडल उनके नाम की जलाई। तत्पश्चात शहीद भगत सिंह सेवादल (रजि.) द्वारा जरूरतमंद बच्चों को उनकी कुछ जरूरत की चीजें भेंट की गई। दयानंद बाल मंदिर से आए काफी संख्या में बच्चों ने देश भक्ति के गगन चुंबी नारे लगाकर पूरे माहौल को देश भक्ति से भर दिया। उसके बाद शहीद भगत सिंह सेवादल के कार्यकर्ता गांधी वाटिका स्थित भगत सिंह की प्रतिमा स्थल पर पहुंचे, वहाँ भी माल्यार्पण करके उनकी याद में कैंडल जलाई और गुरुगोबिंद सिंह स्कूल के बाहर भी भगत सिंह जी की प्रतिमा पर कैंडल जलाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता शरद शर्मा, चौ. नरेश अरोरा, राकेश ढींगरा, विकास कुमार अरोरा, स. दिवप्रीत सिंह हन्नी, स. हन्नी सेखों, राज किशन बाठला, सागर वत्स, अखिल तागरा, अमित पटपटिया (सभासद), पवन छाबड़ा (चेयरमैन गांधी कॉलोनी हाउसिंग सोसाइटी), गजेंद्र राणा, नितेश बख्शी, मुकुल दुआ, गौरव ढींगरा, राकेश दहूजा, लक्की मुंजाल, विवेक चुग, तरुण कक्कड़, राजीव अरोरा, नवनीत लौ, पंकज अपवेजा, पवन अरोरा, अमित तरीका, हितेश आनंद, नीरज डावर, विनोद छाबड़ा, राकेश हुडिया, मोलक, सुशील कपूर, सोनू भाटिया आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।




## एमजी पब्लिक में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 102 रोगियों को मिला लाभ



**मुजफ्फरनगर, 23 मार्च (बुस.)।** एमजी पब्लिक स्कूल में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 102 रोगियों को विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा नेत्र परीक्षण करने के बाद उपचार परामर्श और निःशुल्क दवाईयों का वितरण करते हुए स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया। इस दौरान शिविर में मोतियाबिन्द पाये जाने पर विशेषज्ञों चिकित्सकों के द्वारा 19 रोगियों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए भी चुना गया। एम.जी. पब्लिक स्कूल के संस्थापक अध्यक्ष स्व. हरबंस लाल गोयल एवं स्वर्गीय विमलावती देवी की पुण्य स्मृति में वरदान धर्मार्थ नेत्र सेवा संस्थान, गाजियाबाद के सहयोग से विद्यालय प्रांगण में प्रतिमाह चौथे रविवार को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन कराया जा रहा है, जिसमें प्रतिमाह सैंकड़ों नेत्र रोगियों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। रविवार को मार्च माह के निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ एम.जी. चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश चन्द गोयल, एम.जी. पब्लिक स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के कोषाध्यक्ष रोहित सिंघल और विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने संयुक्त रूप से किया। इससे पूर्व स्व. हरबंस लाल गोयल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उनका पुण्य स्मरण किया गया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में एम.जी. चेरिटेबिल ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक माह के चौथे रविवार को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन वरदान धर्मार्थ नेत्र चिकित्सा संस्थान, गाजियाबाद के सहयोग से नियमित रूप से किया जा रहा है। मार्च माह के इस शिविर में 102 नेत्र रोगियों का चिकित्सकों द्वारा परीक्षण किया गया, इनमें से 19 लोगों के नेत्रों में मोतियाबिन्द पाये जाने पर चिकित्सकों के द्वारा निःशुल्क ऑपरेशन के लिए चयन कर उनको गाजियाबाद भेजा गया। उन्होंने बताया कि आगामी शिविर अप्रैल माह में चौथे रविवार 27 अप्रैल 2025 को आयोजित किया जायेगा। शिविर में वरदान सेवा संस्थान की टीम से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एसके शर्मा, डॉ. के. उपाध्याय, डॉ. एसके सिंघल के साथ ही सचिन कुमार और अनिल कुमार ने अपनी सेवा प्रदान की। शिविर के आयोजन में विद्यालय के समस्त स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

## बेदी ट्रैक्टर्स पर रोजा इफ्तार पार्टी का किया आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 23 मार्च (बु.)।** नगर के भोपा रोड स्थित बेदी ट्रैक्टर्स एवं एनवाईजे टैक्टर्स की ओर से शनिवार को परिसर में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान महेन्द्रा ट्रैक्टर्स पर महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लि. की ओर से संपन्न कार्यक्रम में मौजूद रोजेदारों ने विश्व में अमन चैन एवं शांति की दुआ मांगी। इस बीच कार्यक्रम में गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिली। रमजान माह में बेदी ट्रैक्टर्स पर होने वाले रोजा इफ्तार पार्टी के इस आयोजन के बारे में स. सुखदर्शन सिंह बेदी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी रोजा इफ्तार पार्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग इफ्तार में शामिल होने आए हैं। उन्होंने कहा कि माह-ए-रमजान वास्तव में एकता एवं भाईचारे की सीख देता है। ऐसे में हमें मिल जुलकर इन त्योहारों को मनाना चाहिए और हर धर्म का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रोजा इफ्तार से आपसी मौहब्बत एवं भाईचारे का माहौल बनता है। इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर होते ही रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि रमजान माह में रोजा रखने के साथ-साथ नमाज, तराहवी तिलावत पर भी ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता गौरव स्वरूप, पूर्व मंत्री सईदुज्जमां, गौहर सिद्दीकी, सपा नेता राकेश शर्मा, शहर काजी, मुफ्ती जुल्फिकार, अमरजीत सिडाना, प्रवीन जैन हुंडई, सुरेश शर्मा, नीलकमल पुरी, आसिफ राही, गुड्डू बेदी, रिंकी बेदी, विनोद डाबर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सरदार सुखदर्शन सिंह बेदी, मनप्रीत बेदी एवं हनी बेदी ने अतिथियों का धन्यवाद अदा किया।



## गांव रहकड़ा में दी गई सेवानिवृत हैड शिक्षक को विदाई

**भोपा, 23 मार्च (बु.)।** गांव रहकड़ा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक अरविंद शर्मा के सेवानिवृत होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें शाल ओढ़ाकर छतरी, गीता, देवी-देवताओं की मूर्ति आदि उपहार भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अमरवीर सिंह ने कहा कि शिक्षकों को गुरु शिष्य की परंपरा को कायम रखते हुए शिक्षण कार्य करना चाहिए। शिक्षक ही बच्चे के भविष्य निर्माता होते है। शिक्षक बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ नैतिक शिक्षा का भी पाठ पढ़ाए। समाज में शिक्षक का सबसे उंचा स्थान होता है इसलिए शिक्षकों अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी इमानदारी से करना चाहिए। समारोह को सेवानिवृत एबीएसए सुरेंद्र राठी, विश्वास कुमार, योगेश यादव, जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजीव बालियान, जिला महासचिव राजन वशिष्ट, डायट के समन्वयक श्रीपाल, एआरपी महमूद, सुरेश, मनु अग्रवाल, नरेंद्र, प्राथमिक विद्यालय शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष शर्मिल राठी, जूनियर शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष अक्षय कुमार आदि ने भी संबोधित किया। समापन पर प्रधानाध्यापक अरविंद शर्मा के सेवानिवृत होने पर भावभीनी विदाई देते हुए उन्हें शाल ओढ़ाकर छतरी, गीता, देवी-देवताओं की मूर्ति आदि उपहार भेंट किए।

## लाला जगदीश प्रसाद इंटर कॉलेज में प्रवेश परीक्षा संपन्न

### - प्रवेश परीक्षा के लिए 402 बच्चों ने कराया था पंजीकरण



**मुजफ्फरनगर, 23 मार्च (बु.)।** जानसठ रोड स्थित लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में नवीन सत्र के लिए कक्षा प्ले से कक्षा 11वीं तक में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। इस प्रवेश परीक्षा में कुल 402 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस शिक्षण सत्र से विद्यालय में अब प्राइमरी विंग का शुभारंभ किया जा रहा है। जिसके लिए कक्षा प्ले से कक्षा 5 तक में प्रवेश हेतु बीते एक माह से रजिस्ट्रेशन किए जा रहे थे। रविवार को आयोजित हुई प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 402 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया। रविवार को उक्त सभी बच्चों की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि प्राइमरी विंग के लिए कंप्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा कराई गई। जबकि कक्षा 6 से कक्षा 11वीं तक के लिए लिखित प्रवेश परीक्षा का रविवार को आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि प्राइमरी विंग में शिक्षण मात्र अंग्रेजी माध्यम से एक्टिविटी बेस्ड होगा। इसके लिए प्रत्येक कक्ष में डिजिटल इंटरएक्टिव पैनल लगाए जा चुके हैं। सभी क्लासरूम एयर कंडीशंड हैं। इन सभी कक्षाओं में आदर्श शिक्षण हेतु बीस छात्रों पर एक शिक्षक का अनुपात रहेगा। प्रवेश परीक्षा के दौरान विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष ललित महेश्वरी, प्रबंधक देवेंद्र कुमार गर्ग तथा कोषाध्यक्ष अजय कुमार जैन ने सभी बच्चों को अपनी शुभकामनायें प्रदान की। इस प्रवेश परीक्षा में वरिष्ठ शिक्षक महेश कुमार, कार्यालय अधीक्षक केएन पंत सहित संपूर्ण शिक्षकों का सहयोग रहा।

# राजधानी दिल्ली में सवा सौ साल पुराने गणेश मंदिर और काली मंदिर पर चला बुलडोजर, लोगों में पनपी नाराजगी

**नई दिल्ली, 23 मार्च (एजेंसी)।** देश की राजधानी दिल्ली में 25 सालों बाद भाजपा को सत्ता मिली है, अब लम्बे समय बाद यहाँ सत्ता बदल चुकी है और नई सरकार अपनी नीतियों को लागू करने में जुट गई है। इसी क्रम में अतिक्रमण हटाने का काम भी चल रहा है, लेकिन शनिवार तड़के यमुना नगर में पुराने मंदिरों पर प्रशासन का बुलडोजर चल गया। इससे लोगों में काफी नाराजगी पनप गई है। यमुना बाजार में सिंदूरी गणेश मंदिर ,काली मंदिर को बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया गया। लोगों का दावा है कि इन मंदिरों का निर्माण 1902 में हुआ था नाराज लोग अब विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं इस मामले में लोगों का कहना है कि खुद को हिंदूवादी कहने वाली भाजपा ने ही यह काम किया है, आज तक आप और कांग्रेस ने ऐसी हिमाकत नहीं की, वहीं ऐसे अगर दूसरी पार्टियों के शासन में होता तो भाजपाई बवाल मचा देते। दिल्ली के यमुना बाजार में एमसीडी और पीडब्ल्यूडी की टीम सुबह 4.30 बजे मौके पर पहुंची और सिंदूरी गणेश मंदिर, काली मंदिर को बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया गया। हालांकि जैसे ही लोगों को मंदिर पर बुलडोजर चलने की सूचना मिली लोगों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। लोगों के विरोध के बाद प्रशासन की टीम चौमुखी महादेव मंदिर को नहीं तोड़ पाई, लेकिन उसकी बाउंड्री वॉल



को तोड़ दिया गया है। पहले यहां पर झुग्गियां थी, जिसे एक सप्ताह पहले तोड़ा गया था। लोगों का दावा है कि 1902 में मंदिर का निर्माण कराया गया था। इसके ठीक बगल में नीली छतरी मंदिर है। यहां पर लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे है। वहीं सुबह झ सुबह अँधेरे में की गई कार्यवाही पर भी लोगों ने सवाल उठाये है। इससे पहले 20 मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर मयूर विहार में तीन मंदिरों को तोड़ने की कार्यवाही लोगों के विरोध के चलते रोकनी पड़ी थी। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की एक टीम पुलिस के साथ बृहस्पतिवार सुबह करीब चार बजे पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार स्थित काली मंदिर, अमरनाथ मंदिर और बद्रीनाथ मंदिर को गिराने के लिए पहुंची। ये मंदिर कथित तौर पर मयूर विहार फेज-2 में ग्रीन बेल्ट पर बने हैं। यहां लोगों ने विधायक रविंदर सिंह नेगी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। डीडीए के प्रवक्ता ने पुष्टि की कि तोड़फोड़ की कार्यवाही स्थगित कर दी गई है। प्रवक्ता ने कहा कि लोगों के आक्रोश के कारण हमें अभियान स्थगित करना पड़ा। हालांकि, हमारी कानूनी टीम मामले की समीक्षा कर रही है। वहीं इस कृत्य से स्थानीय लोगों ने काफी नाराजगी जताई है। नेगी ने कहा कि वह और अन्य लोग तड़के तीन बजे से ही घटनास्थल पर मौजूद थे और उन्होंने मंदिरों की सुरक्षा के लिए हरसंभव प्रयास किया गया। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उपराज्यपाल वी के सक्सेना के साथ चर्चा के बाद अभियान स्थगित कर दिया गया है। वहीं, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने दावा किया कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने पहले तो तोड़ने का आदेश दिया, बुलडोजर और पुलिस तैनात की और फिर जब जनता का आक्रोश भड़क उठा, तो उसने अनजान होने का नाटक किया। सरकार का यह कृत्य आम लोगों को काफी नागवार गुजरा।

# दस स्मार्ट फोन वापस मिले तो चहक गए मोबाइल स्वामियों के चेहरे

## लगभग 1.85 लाख के मोबाइल आमजन को वापस दिलाने में पुलिस को मिली सफलता

**मुजफ्फरनगर, 23 मार्च (बु.)।** जब किसी का मोबाइल खोया जाता है अथवा राहजनी की घटना में बदमाशों द्वारा लूट लिया जाता है तो मोबाइल खोने का अफसोस कई महीनों तक दिल दिमाग पर छाया रहता है और सबसे बड़ी दिमागी परेशानी मोबाइल के डाटा की होती है। सैकड़ों नम्बर जो मोबाइल में फीड हैं और अपने परिवार के लोगों के फोटो आदि के अलावा जरूरी डॉक्यूमेंट इत्यादि का दुख मोबाइल खोने से भी ज्यादा होता है। ऐसे में जब खोया मोबाइल मिल जाए तो मोबाइल स्वामियों को ऐसा लगता है कि मानो कोई ज्वैलरी उन्हें वापस मिल गयी हो। इसी क्रम में मंसूरपुर पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए दस मोबाइल स्वामियों के खोए मोबाइलों को वापस लौटाने का काम किया। जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी खतौली राम रामाशीष यादव, थाना प्रभारी मंसूरपुर सुभाष अत्री के नेतृत्व में दस लोगों के मोबाइल वापस किये गए। जैसे ही मोबाइल स्वामियों को मोबाइल वापस मिले तो उन्होंने पुलिस अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस द्वारा किये गए ऐसे सराहनीय प्रयासों से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ता है और अपनी खोई हुई वस्तु के मिलने की सम्भावना रहती है। पुलिस के अनुसार इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत 1.85 लाख आंकी गयी है।



## परिवार का मुस्कान की पैरवी से इन्कार, सरकारी वकील से मांगी मदद

**मेरठ, 23 मार्च (एजेंसी)।** मेरठ की दिलदहला देने वाली घटना सौरभ राजपूत हत्याकांड की आरोपी उसकी पत्नी मुस्कान रस्तोगी और साहिल शुक्ला मेरठ के चौधरी चरण सिंह जिला कारागार जेल में बंद है। पुलिस की जांच में इस मामले में रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ मिलकर जिस बर्बर तरीके से पति सौरभ राजपूत की हत्या की थी, उससे हर कोई हैरान है। मुस्कान के परिजन भी इस मामले में खुद को अलग कर चुके हैं। दूसरी ओर अब यह जानकारी सामने आई है कि मुस्कान के माता-पिता ने केस लड़ने से इंकार कर दिया है, जिसके बाद मुस्कान रस्तोगी ने सरकारी वकील की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार मेरठ जिला जेल में बंद मुस्कान रस्तोगी ने शनिवार को जेल सुपरिटेंडेंट से सरकारी वकील की मांग की है। दूसरी ओर उसके प्रेमी साहिल शुक्ला ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि उसे सरकारी वकील चाहिए या नहीं। उसका कहना है कि वह पहले अपने परिवार वालों से बात करेगा। अगर वे उसका केस नहीं लड़ते, तभी वह आगे निर्णय लेगा। मेरठ जिला जेल के सीनियर जेल सुपरिटेंडेंट वीरेश राज शर्मा ने न्यूज एजेंसी IANS से बातचीत में बताया कि मुस्कान रस्तोगी ने कल मुझसे की इच्छा जताई थी, जब मैं मिला, तब उनसे बताया कि उसकी परिवार इस घटना के बाद उससे नाराज है। परिवार के लोग केस नहीं लड़ेंगे। ऐसे में उसने सरकारी वकील की मांग की है।

# समुद्र के तट पर कहां से बहकर आया 'एलियन' का कंकाल? देखने वालों की सिट्टी-पिट्टी गुम!

**लंदन, 23 मार्च (एजेंसी)।** यूनाइटेड किंगडम के केंट में समुद्र तट पर टहल रहे एक कपल ने कुछ ऐसा देखा, जिसने उनके होश उड़ा दिए। एक अजीबोगरीब स्केलेटन जैसा जीव रेत पर पड़ा था। बनावट कुछ हद तक मछली से मिलती-जुलती थी, लेकिन इंसानी आकार भी था। पाओला और उनके पति डेव रीगन के मुताबिक, इस रहस्यमयी चीज को देखने के लिए वहां भीड़ लग गई, और जल्द ही इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। पाओला ने बताया, कि इसका सिर बिल्कुल कंकाल जैसा था, लेकिन पीछे का हिस्स जहां पूंछ थी, वह नरम और स्क्विशी था। ना तो यह सड़ा हुआ लग रहा था, ना ही बहुत ज्यादा चिकना, लेकिन कुछ अजीब था। वहां मौजूद लोगों के बीच अटकलें लगने लगीं। कुछ ने कहा कि यह किसी नाव से गिरा होगा, तो कुछ ने इसे किसी पुराने जहाज की नक्काशीदार मूर्ति बताया। पाओला ने कहा कि अगर हमने तस्वीरें नहीं लीं, तो कोई यकीन ही नहीं करता कि हमने सच में ऐसा कुछ देखा।



# जब बच्चों के मामूली झगड़े ने लिया खूनी रूप: पथराव, चाकूबाजी और मौत...

**नई दिल्ली, 23 मार्च (एजेंसी)।** नई दिल्ली के वजीरपुर की जेजे कॉलोनी में हुए खूनी संघर्ष में सीने में चाकू लगने से राधे श्याम की मौत हो गई। मुन्नी देवी का आरोप है कि गौतम का चाकू लगने से ही उसके पिता राधे श्याम की मौत हुई। गौतम जमाल को चाकू मारने आ रहा था। राधे श्याम ने उसे रोकने का प्रयास किया, तो उसका चाकू पिता के सीने में घुस गया। वहीं राधे श्याम की पत्नी कमला का आरोप है कि उसके पति की हत्या इरशाद ने की है। पुलिस दोनों परिवारों के आरोप की पड़ताल कर रही है। फिलहाल गौतम को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। कमला ने आरोप लगाया कि जमाल और उसका परिवार उनको पसंद नहीं करते हैं। वह पिछले कई साल से इलाका छोड़कर कहीं और शिफ्ट होने का दबाव बना रहे हैं। इन लोगों ने सांप्रदायिकता की वजह से उनके परिवार को निशाना बनाया है। उसके पति को भी इसीलिए मारा गया है। इलाके के कई लोग इनके साथ मिले हैं। वहीं जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने इससे साफ इनकार किया है। उनका कहना है कि पूरी तरह से यह दो परिवारों का झगड़ा है। इसमें दो समुदायों को शामिल करने की बात गलत है। कमला ने आरोप लगाया कि एक साल पहले जमाल और उसके बेटों ने उसकी बहू के साथ छेड़छाड़ की थी। उस समय भी खूब बवाल हुआ था। पुलिस को भी सूचना दी गई थी। बाद में स्थानीय लोगों ने दोनों परिवारों के बीच समझौता करवा दिया था। उसी समय से दोनों परिवारों के बीच खींचतान चली आ रही है। कमला का आरोप है कि उसका बदला लेने की नीयत से वारदात को अंजाम दिया गया है। होली और रमजान की वजह से इलाके में पहले ही पुलिस बल तैनात था। शुक्रवार रात बवाल के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने पूरे वजीरपुर को छावनी में तब्दील कर दिया। कई थानों की पुलिस ने डेरा डाला हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि एहतियात के तौर पर यह कदम उठाया गया है। हालात सामान्य होते ही पुलिस फोर्स को हटा लिया जाएगा। बता दें कि उत्तर-पश्चिम जिला के वजीरपुर इलाके में शुक्रवार बच्चों के झगड़े के बाद दो परिवार में खूब बवाल हो गया। दोपहर और रात को पथराव होने के बाद देर रात चाकूबाजी हो गए। हमले में एक बुजुर्ग की मौत हो गई जबकि पांच अन्य लोग जख्मी हो गए। वारदात के बाद से इलाके में तनाव बना हुआ है। घटना को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया जा रहा है।



# संभल हिंसा में जामा मस्जिद के सदर जफर अली गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**संभल, 23 मार्च (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के संभल के जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट को पूछताछ के लिए एसआईटी ने हिरासत में लिया था। एसआईटी ने उनसे पिछले साल नवंबर में हुई हिंसा के बारे में करीब 4 घंटे तक लंबी पूछताछ की। पूछताछ के बाद उनको गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। पूछताछ के दौरान कानून-व्यवस्था के मद्देनजर भारी पुलिस फोर्स तैनात रही और प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। सीओ अनुज चौधरी ने कहा कि शांति व्यवस्था के लिए क्षेत्र में भारी पुलिस फोर्स तैनात है। पूछताछ के बाद जामा मस्जिद सदर जफर अली को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, जिस गाड़ी में जफर अली को पुलिस बैठाकर लेकर गई है, उस गाड़ी के साथ लोगों ने प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। साथ ही संभल पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गाड़ी के पीछे भागे। इस मामले में वकील शकील अहमद ने कहा कि उन पर आधिकारिक रूप से आरोप लगाए हैं। अब उन्हें चंदौसी लाया जा रहा है। मेडिकल जांच के बाद हम जमानत के लिए आवेदन करेंगे। निर्दोष को गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया है। उन्हें गिरफ्तार करने का कोई अधिकार नहीं था। वहीं, चंदौसी कोर्ट के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। जफर अली को उनके बेटे के साथ यहां लाया जाएगा। वहीं, हिरासत में लिए जाने पर जफर अली के बड़े भाई मोहम्मद ताहिर ने आरोप लगाया था कि सदर को न्यायिक आयोग में बयान देने से रोकने के लिए यह असंवैधानिक कार्रवाई हुई है।

# सांसद की जीभ काटने पर एक लाख इनाम...

## राणा सांगा को कहा था गद्दार

**आगरा, 23 मार्च (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद रामजी लाल सुमन के शुक्रवार को राज्यसभा में दिए बयान पर बवाल मच गया है। आगरा में अखिल भारत हिंदू महासभा ने सपा सांसद के बयान के विरोध में प्रदर्शन किया। सांसद के खिलाफ तहरीर दी। वहीं, सपा सांसद ने भी सफाई दी है। सपा सांसद रामजी लाल सुमन का कहना है कि मैं अपने बयान पर कायम हूं। अगर राज्यसभा सभापति को लगता है मैंने कुछ आपत्तिजनक कहा तो सदन की कार्यवाही से मेरे बयान को हटा सकते हैं। महासभा के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि तहरीर के आधार पर 24 घंटे में मुकद्दमा दर्ज नहीं हुआ, तो सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। तहरीर देने के बाद संजय पैलेस में स्पीड कलर लेब के सामने सपा सांसद का पुतला फूंका। महासभा पदाधिकारियों ने कहा कि सपा सांसद के बयान से करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। महासभा की महिला अध्यक्ष मीरा राठौर ने कहा जो राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन की जीभ काटेगा, उसे एक लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। साथ ही हिंदू महासभा ने सपा सांसद के डीएनए टेस्ट की मांग भी की। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद रामजी लाल सुमन के शुक्रवार को राज्यसभा में राणा सांगा को गद्दार कहने पर हंगामा हो गया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों का तकिया कलाम हो गया है कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है। आखिर, बाबर को लाया कौन। इब्राहिम लोधी को हराने के लिए बाबर को राणा सांगा हिंदुस्तान में लाया था। अगर मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो फिर तुम गद्दार राणा सांगा की औलाद हो। सुमन शुक्रवार को राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज की समीक्षा पर बोल रहे थे।**

## डियर पार्क में पेड़ से लटके मिले दो शव

**नई दिल्ली, 23 मार्च (एजेंसी)।** दिल्ली के साउथ वेस्ट जिले के डियर पार्क में एक लड़के और लड़की के शव पेड़ से लटके मिले। शुरूआती जांच में यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। पेड़ों पर दोनों के शव मिलने के जानकारी वहां के सुरक्षा गार्ड ने दी। अभी दोनों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के मुताबिक, आज सुबह 6.31 बजे बलजीत सिंह (35), निवासी हौज खास गांव, जो डियर पार्क में सुरक्षा गार्ड है, उन्होंने एक पीसीआर कॉल की। जिसमें बताया गया कि एक लड़का और एक लड़की एक पेड़ की शाखा पर लटके हुए हैं। सूचना मिलते ही तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि एक लड़का उम्र लगभग 17 वर्ष, जिसने काली टी-शर्ट और नीली जींस पहनी हुई थी और एक लड़की जो लगभग 17 वर्ष की थी, जिसने हरे रंग की पोशाक पहनी हुई थी, दोनों एक पेड़ की शाखा पर नायलॉन की रस्सी से लटके थे। पुलिस ने शवों को शवगृह में रखवा दिया गया है। दोनों ने आत्महत्या की है या फिर उनकी हत्या हुई है। यह जांच में सामने आएगा।



## बीजापुर: 22 हार्ड-कोर नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर 23 मार्च (वार्ता)** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में तेलंगाना स्टेट कमेटी और आंध्र-ओडिशा बॉर्डर के सदस्यों समेत 22 नक्सलियों ने रविवार को यहां पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण सरेंडर करने वाले नक्सलियो में से छह माओवादियों पर कुल 11 लाख रुपये का ईनाम घोषित था। सभी 22 नक्सली फायरिंग, आईडी ब्लास्ट और आगजनी जैसे अन्य अपराधों में शामिल रहे हैं। सभी नक्सलियों ने बीजापुर के पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूलेण्डन यार्क, डीएसपी शरद जायसवाल और उप पुलिस अधीक्षक विनीत साहू सहित अन्य अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादियों को 25-25 हजार रुपये की नगद राशि प्रदान की गई है।

# मेरठ में भीषण सड़क हादसा, दो कैंटरों की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर, 4 गंभीर

**मेरठ, 23 मार्च (एजेंसी)।** रोहटा थाना क्षेत्र में कांवड़ मार्ग पर डूंगर मंदिर के पास गंभीर सड़क हादसा हो गया। रविवार मध्य रात्रि करीब एक बजे सरिया से भरा कैंटर सामने से आ रहे खाली कैंटर से टकरा गया। टक्कर के बाद दोनों कैंटरों में आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल विभाग को सूचित किया। दो दमकल गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। हादसे में चार लोग घायल हो गए। 108 एंबुलेंस के पायलट अमरदीप और ईएमटी कमलेश यादव ने घायलों को सरधना सीएचसी पहुंचाया। घायलों में उस्मान, कामिल, रागिब और फरहान शामिल हैं। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रोहटा थाना प्रभारी नीरज बघेल ने बताया कि कैंटरों में आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। मामले की जांच की जा रही है।

## अमेरिका में दो भारतीयों की गोली मारकर हत्या

**वाशिंगटन, 23 मार्च (एजेंसी)।** अमेरिका के वर्जीनिया स्थित एकोमैक काउंटी में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें गुजरात के मेहसाणा जिले के कनोड़ा गांव के पटेल परिवार के दो सदस्यों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतकों में 56 वर्षीय पिता और उनकी 24 वर्षीय बेटी शामिल हैं। यह घटना तब हुई जब एक अश्वेत व्यक्ति ने उनके स्टोर में घुसकर अंधाधुंध गोलीबारी की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आरोपी रात के समय शराब खरीदने के लिए स्टोर में आया था। मृतक के भाई ने बताया कि संदिग्ध ने पहले खरीदारी करने का प्रयास किया, लेकिन किसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया, जिसके बाद उसने गोली चला दी। इस हमले में पिता-पुत्री की मौके पर ही मौत हो गई।

## दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू

**नयी दिल्ली, 23 मार्च (वार्ता)** दिल्ली विधानसभा का आठवां बजट सत्र सोमवार पूर्वाह्न 11:00 बजे पुराना सचिवालय स्थित विधानसभा भवन में प्रारंभ होगा। विधान सभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि यह सत्र वित्तीय नीतियों और आगामी वित्तीय वर्ष के विकास रोडमैप को निर्धारित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि यह सत्र 24 से 28 मार्च 2025 तक चलेगा, और आवश्यकता पड़ने पर इसे बढ़ाया भी जा सकता है। बजट सत्र में दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के कामकाज पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक (कैग) रिपोर्ट सदन में पेश की जाएगी। यह तीसरी कैग रिपोर्ट होगी, जो कल सदन में प्रस्तुत की जाएगी। बजट सत्र के प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं:- 25 मार्च (मंगलवार) को वित्त वर्ष 2025-26 का बजट प्रस्तुत किया जाएगा।

# खुद को कल्कि का अवतार बताने वाले आईपीएस को किया गया मुख्यालय से संबद्ध, डीजीपी ने की कार्रवाई

**लखनऊ, 23 मार्च (एजेंसी)।** हाल ही में मुरादाबाद में तैनात ट्रेनी आईपीएस अधिकारी रोहन झा अपने अजीबोगरीब व्यवहार के कारण सुर्खियों में आए थे। खुद को भगवान कल्कि का अवतार बताने, चूहों की बलि देने और कछुओं पर मोमबत्ती लगाने जैसी हरकतों के चलते अब उन्हें पद से हटा दिया गया और मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया। जनवरी 2024 के दौरान रोहन झा ने ऐसी हरकतें कीं, जिनसे उनके वरिष्ठ और कनिष्ठ अधिकारी हैरान रह गए। वह चूहों की गर्दन काटकर उन्हें पुनर्जीवित करने का दावा करते थे। परेड ग्राउंड में अनियंत्रित रूप से गाड़ी दौड़ाना और कछुओं पर मोमबत्तियां लगाना भी उनकी अजीब गतिविधियों में शामिल था, जब इस संबंध में खबरें मीडिया में आईं तो डीजीपी प्रशांत कुमार ने बरेली के एसएसपी अनुराग आर्य को मामले की जांच सौंप दी। एसएसपी अनुराग आर्य ने मुरादाबाद जाकर मामले की गहराई से जांच की। उन्होंने संबंधित लोगों के बयान दर्ज किए और सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा की, जिसमें झा की गतिविधियां स्पष्ट रूप से दिखाई दीं। रिपोर्ट तैयार कर एडीजी रमित शर्मा की संस्तुति के साथ डीजीपी को सौंप दी गई। हालांकि, रोहन झा अवकाश पर थे, इसलिए उनका बयान दर्ज नहीं किया जा सका। आरोपों की पुष्टि के बाद डीजीपी ने रोहन झा को मुरादाबाद से हटाकर मुख्यालय से संबद्ध कर दिया। आगे की कार्रवाई उनकी विस्तृत जांच रिपोर्ट के आधार पर होगी।



## इजरायली हमले में मारा गया हमास का एक और बड़ा लीडर सलाह अल-बरदाविल, 19 लोगों की मौत

**गाजा, 23 मार्च (एजेंसी)। इजरायल के भीषण हवाई हमले में हमास का एक और बड़ा लीडर मारा गया है। खम्मा प्रेस के अनुसार गाजा खान यूनिस पर इजरायल के हवाई हमले में हमास के वरिष्ठ राजनीतिक नेता सलाह अल-बरदाविल की मौत हो गई। यह हमला रविवार सुबह 23 मार्च को हुआ और इसमें उनकी पत्नी की भी मौत हो गई। यह इजरायल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष में एक और वृद्धि को दर्शाता है। वहीं एपी ने भी दक्षिणी गाजा पट्टी में रविवार को रातभर हुए इजरायली हमलों में हमास के एक बड़े नेता समेत कम से कम 19 फिलस्तीनियों के मारे जाने की बात कही है। एपी के अनुसार यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने इजरायल पर एक और मिसाइल दागी, जिससे हवाई हमले के सायरन बजने लगे। इजरायली सेना ने कहा कि मिसाइल को बीच में ही मार गिराया गया और इससे जान-माल का किसी प्रकार का नुकसान होने की जानकारी नहीं है। एपी के अनुसार दक्षिणी गाजा के दो अस्पतालों ने बताया कि रातभर हुए हमलों में मारे गए बच्चों एवं महिलाओं समेत 17 लोगों के शव अस्पताल लाए गए हैं। हमास ने बताया कि खान यूनिस के पास हुए हमले में उसके राजनीतिक ब्यूरो और फलस्तीनी संसद के सदस्य सलाह बर्दाविल और उसकी पत्नी की मौत हो गई। बर्दाविल हमास की राजनीतिक शाखा का जाना-माना सदस्य था। अस्पतालों द्वारा बताई गई मृतकों की संख्या में हमास के नेता और उसकी पत्नी का नाम शामिल नहीं है।**



# बहू ने ससुर की क्रिकेट बैट से पीट-पीटकर हत्या की

**गाजियाबाद, 23 मार्च (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में एक महिला ने कथित रूप से छेड़छाड़ करने पर अपने ससुर की क्रिकेट बैट से पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कवि नगर इलाके में हुई इस घटना की आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। शहर क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राजेश कुमार ने पत्रकारों को बताया कि हरसांव गांव के चौकीदार मलखान सिंह ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान पतिराम (63) के रूप में हुई है, जो स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से सेवानिवृत्त हुए थे। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शुक्रवार उस समय हुई, जब कवि नगर इलाके की गोविंदपुरम कॉलोनी के निवासी पतिराम के बेटे जितेंद्र सिंह की विधवा आरती घर में झाड़ू लगा रही थी कि तभी ससुर ने उसे गलत तरीके से छुआ। आरती ने पुलिस को बताया कि उसके पति की चार वर्ष पहले मौत हो गई थी। अधिकारी के मुताबिक, आरोपी महिला ने आरोप लगाया कि उसके ससुर के कई महिलाओं से अवैध संबंध थे और उसके ससुर उसे संपत्ति में हिस्सा देने के लिए तैयार नहीं थे। पुलिस को दिये कबूलनामे में महिला ने आरोप लगाया, एक महीने पहले मैंने अदालत के आदेश के बाद घर के भूतल पर कब्जा कर लिया था। शुक्रवार की सुबह जब मैं घर में झाड़ू लगा रही थी, तो मेरे ससुर मेरे पास आए और मुझे गलत तरीके से छुआ, लेकिन मैं उस समय चुप रही। पुलिस के अनुसार, आरोपी महिला ने दावा किया कि शाम को जब महिला के ससुर घर लौटे और दरवाजा खोलने लगा, तो आरोपी बहू ने गुस्से में आकर क्रिकेट बैट से उनके सिर पर तीन बार वार किया। पुलिस ने बताया कि जब पतिराम भागने की कोशिश कर रहे थे, तब आरती ने उनका कॉलर पकड़ कमरे के अंदर खींच लिया और दो बार और वार किया। पुलिस के मुताबिक, इसके बाद पतिराम गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। अधिकारी के अनुसार, आरती ने बताया कि बाद में उसने बैट छिपा दिया, खून के धब्बे पोंछ दिए और सबूत मिटाने के लिए अपने कपड़े बदल लिए। पुलिस उपायुक्त (शहर) राजेश कुमार ने बताया कि गांव के चौकीदार मलखान सिंह की शिकायत पर कवि नगर थाने में मामला दर्ज कर महिला को गिरफ्तार कर लिया गया।




## सुनीता विलियम्स को पैसा अपनी जेब से दूंगा...

**वॉशिंगटन, 23 मार्च (एजेंसी)।** क्या सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर को स्पेस में तय समय से ज्यादा समय बिताने के लिए ओवरटाइम मिलेगा? इस पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, अगर जरूरत पड़ी तो वह अपनी जेब से दोनों एस्ट्रोनॉट्स को भुगतान करेंगे। दरअसल, न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में कहा गया था कि अंतरिक्ष यात्रियों को कोई ओवरटाइम, छुट्टी या वीकेंड की सैलरी नहीं मिलती। सालाना 1,52,258 डॉलर के अलावा उन्हें 286 दिन स्पेस में रहने के लिए हर दिन 5 डॉलर के हिसाब से कुल 1,430 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे, जब ट्रंप को यह बताया गया तो उन्होंने हैरानी जताई। उन्होंने कहा, क्या बस इतना ही? यह बहुत कम है, खासकर उन्होंने जो मुश्किलें झेली हैं। अगर जरूरत पड़ी, तो मैं खुद अपनी जेब से यह रकम दूंगा। ट्रंप ने एलन मस्क को धन्यवाद देते हुए कहा, अगर मस्क नहीं होते, तो इन्हें वापस कौन लाता? आप जानते हैं कि स्पेस में शरीर 9-10 महीने के बाद कमजोर पड़ने लगता है और 14-15 महीने बाद हड्डियों और खून पर बुरा असर पड़ता है। ओवल ऑफिस में जब संवाददाताओं ने ट्रंप से अंतरिक्ष यात्रियों के ओवरटाइम के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'किसी ने भी मुझसे इसका जिक्र नहीं किया। अगर मुझे करना पड़ा, तो मैं अपनी जेब से इसका भुगतान करूंगा।' ट्रंप ने यह तब कहा जब एक फॉक्स न्यूज के संवाददाता ने बताया कि विल्मोर और विलियम्स को अंतरिक्ष में प्रत्येक दिन के लिए पांच अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन मिलते हैं, यानी उनका अतिरिक्त वेतन 1,430 अमेरिकी डॉलर बनता है।



# काकोरी में डबल मर्डर केस में खुलासा, पत्नी से प्रेम-प्रसंग के चलते सिपाही से हैवान बना पति!

**लखनऊ, 23 मार्च (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बीते दिनों हुए डबल मर्डर की वारदात से हड़कंप मचा हुआ है। यहां के काकोरी इलाके में शुक्रवार रात को दो युवकों पर धारदार हथियार से वारकर उनकी निर्मम हत्या की गई थी। पीड़ित परिवार आरोपियों पर कार्रवाई को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहा है। वहीं इस हत्याकांड के पीछे प्रेम-प्रसंग वजह बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में एक सिपाही समेत चार लोगों को हिरासत में लिया है। इस मामले में सभी से पूछताछ की जा रही है। जांच जारी है। दरअसल शुक्रवार देर रात को दो दोस्त मनोज और रोहित की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस डबल हत्याकांड से इलाके में ही नहीं बल्कि पूरे लखनऊ में हड़कंप मच गया था। इसमें मृतकों की पहचान मनोज और रोहित के रूप में हुई थी। इस डबल मर्डर के खुलासे को लेकर पुलिस जांच में जुटी थी। इसी बीच जांच में सामने आया कि पानखेड़ा गांव निवासी मनोज का सिपाही की पत्नी के साथ लंबे समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। सिपाही की डेढ़ साल पहले शादी हुई थी। लेकिन शादी के बाद भी सिपाही की पत्नी और मनोज कॉन्टेक्ट में थे। पत्नी के गर्भवती होने के बाद सिपाही को पत्नी और मनोज के बीच संबंधों को लेकर शक हुआ था। इस शक के आधार पर सिपाही ने अपनी पत्नी से पूछताछ की थी। बताया यह भी जा रहा है कि सिपाही ने पत्नी को मनोज के पास चले जाने का भी विकल्प दिया था, लेकिन पत्नी ने उसके साथ ही रहने का निर्णय लिया था। इसके बाद सिपाही ने मनोज को रास्ते से हटाने की साजिश रची थी। सिपाही के कहने पर ही पत्नी ने मनोज को मिलने के लिए बुलाया था। सिपाही ने प्लानिंग के तहत मनोज और उसके दोस्त की गला रेतकर हत्या कर दी थी। वहीं घटना स्थल से एक उंगली भी कटी मिली थी। दोनों मृतकों की उंगली नहीं कटी मिली, तो पुलिस को शक हुआ कि हमले के वक्त उंगली कटी है। सिपाही को हिरासत में लेने के बाद उसकी भी उंगली कटी मिली है, जिसके बाद सिपाही पर हत्या का शक और गहरा गया था।

## गांदरबल में बड़ा हादसा, कार से टकरा कर खाई में गिरी बस, 3 पर्यटकों की मौत, 14 घायल

**जम्मू-कश्मीर, 23 मार्च (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले के गुंड कंगन क्षेत्र के निकट एक सड़क हादसे में तीन पर्यटकों की जान चली गई, जबकि 14 अन्य घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ, जब एक टोयोटा इटियोस कार एक बस से टकरा गई। इस दौरान बस ने नियंत्रण खो दिया और खाई में जा जिरी। हादसा इतना भीषण था कि तीन पर्यटकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 14 अन्य घायल हो गए, जिन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल कुछ लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। अभी तक घायलों की पहचान नहीं हो पाई है, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि सभी घायल यात्रियों का इलाज चल रहा है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, वाहन की गति अधिक थी और बारिश के कारण सड़क गीली थी, जिससे हादसा हुआ। वहीं, जम्मू कश्मीर के रामबन जिले में शनिवार को ताजी सब्जियां ले जा रहा एक वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चालक अर्शीद अहमद और उसका सहायक सेवा सिंह (लगभग 30 वर्ष) सब्जियां लेकर अपने गांव उखराल पोगल-परिस्तान जा रहे थे, तभी जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैटरी चश्मा के पास यह दुर्घटना हुई। अधिकारी ने बताया कि पुलिस और स्थानीय स्वयंसेवकों ने संयुक्त बचाव अभियान चलाया और शवों को कई सौ फुट गहरी खाई से निकाला।

# अखिलेश यादव बोले: भू माफिया बन गए हैं भाजपा के नेता, सभी जिलों में किया जा रहा है जमीनों पर कब्जा

**लखनऊ, 23 मार्च (एजेंसी)।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार और अधिकारी मिलकर जनता को लूट रहे हैं। भाजपा के नेता भूमाफिया बन गए हैं। तालाब और सरकारी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। हर जिले से जमीनों पर कब्जा करने और भ्रष्टाचार की खबरें आ रही है। अखिलेश रविवार डॉ. राममनोहर लोहिया की जयंती पर उनके नाम से गोमती नगर स्थित पार्क में स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फतेहपुर जिले में भाजपा के पदाधिकारी उनके नेताओं पर आरोप लगा रहे हैं, जिनके पास खेती की कोई जमीन नहीं थी, उनके पास कई सौ बीघा जमीन हो गई है। उन्होंने कहा कि कई बार यह आवाज उठ चुकी है कि अयोध्या में भाजपा के लोगों ने जमीनों पर कब्जा कर लिया है। किसानों की जमीनें कम कीमतों पर छीन ली गई। कहा, प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। लगातार अपराध हो रहे हैं। सभी ने देखा कि अयोध्या की महिला की लखनऊ में लूट व बलात्कार के बाद हत्या हो गई। उन्होंने कहा कि सीएम के खास करीबी एक आईएएस अधिकारी भ्रष्टाचार में फरार है। पता चल रहा है कि उनके पास सात सौ बीघा जमीन, कई मकान और प्लॉट हैं। यह अफसर अच्छी पोस्टिंग में रहा है। भाजपा सरकार में निवेश के बहाने अपना निवेश चल रहा है। ये झगड़ा कमीशन का नहीं है। यह बंटवारे का झगड़ा है। पड़ोसी राज्य में एक अधिकारी के यहां से 50 करोड़ मिले थे। उसमें क्या हुआ? अखिलेश ने कहा कि भाजपा के नेता मोहनलालगंज और सरोजनी नगर में जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। सपा नेता व कार्यकर्ता घर-घर जाकर भाजपा के भ्रष्टाचार, लूट और अन्याय को बताएंगे।

